www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 357, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 6 जुलाई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'हिंदू धर्म को कमजोर मत समझना'

- पूर्व अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा
- अनुभव से मजबूत होगा संगठन
- विपक्ष पर निशाना और 2027 का लक्ष्य

## राहुल-अखिलेश पर हमला, कहा- देवी-देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं- नवीन

**नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया. उन्होंने रविवार (5 जुलाई) को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. नितिन नवीन ने इस दौरान विपक्ष को घेरते हुए कहा कि हिंदू धर्म को कमजोर नहीं समझना चाहिए. उन्होंने राहुल और अखिलेश पर आरोप लगाया कि वे देवी-देवताओं के अपमान पर चुप रहते हैं.

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा, 'मैं राहुल गांधी, अखिलेश यादव और केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि हिंदू धर्म को इतना कमजोर मत समझिएगा कि लोग आपके सांझे में आ जाएंगे, क्योंकि जब आपके लोग हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करते हैं,

तो आप लोग मौन रहते हैं. सनातन का अपमान यूपी और देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. हमने विरासत को संजोया है, इसके लिए हमारे पुरखों ने कुर्बानियां तक दी हैं.'

अयोध्या-काशी का भाजपा अध्यक्ष ने किया जिक्र

उन्होंने कहा, 'आस्था के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग कभी आस्था की बात कर ही नहीं सकते, क्योंकि आज भाजपा के शासनकाल में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर तक विरासत की नई तस्वीर बनी है. वो लोग क्या बात करेंगे जिन्होंने रामसेवकों पर गोलियां चलवाने का काम किया, ऐसे लोग कभी आस्था की बात करने लायक नहीं हैं।



### भाजपा ने खत्म कर दिया भ्रष्टाचार - नितिन नवीन

**नितिन** नवीन ने कहा, 'आज मैं 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की चर्चा भी जरूर करना चाहूंगा, जिस उत्तर प्रदेश ने केवल भ्रष्टाचार देखा हो, तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति देखी हो, आज भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने उस भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और माफियाराज को पूरी तरह समाप्त कर दिया है.

यहां की विकास की नई तस्वीर को पूरी दुनिया देख रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में लाने का काम किया है. आज यहां की महिलाएं निडर होकर कभी भी घर से निकल सकती हैं

## यूपी में आम की दावत, सियासत पर चर्चा!

### योगी से मिलकर नितिन नवीन ने सेट किया मिशन 2027 का लक्ष्य का टारगेट

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इन दिनों उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अपने दो दिनों के दौरे के दौरान वे लगातार भाजपा कार्यकताओं और बड़े पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने का मंत्र दे रहे हैं।

अपने इस दौरे में नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से उनके घर पर जाकर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्हें आम की दावत भी दी गई, जिसका उन्होंने पूरा आनंद लिया। इसके अलावा, उन्होंने एनडीए के सहयोगी दलों के साथ भी 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर बातचीत की।



दौरे के दूसरे दिन नितिन नवीन ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा की। इस बैठक में सभी ने अपने पुराने संगठनात्मक अनुभवों को साझा किया और आने वाले चुनाव में पार्टी को पहले से भी बड़ी जीत दिलाने की योजना पर विस्तार से बात की। बैठक शुरू होने से पहले भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उनका स्वागत किया।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करने, कार्यकताओं को ज्यादा सक्रिय करने और 2027 के चुनावी रोडमैप पर चर्चा की गई। हालांकि, वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार इस बैठक में शामिल नहीं हो सके। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के सालों के संगठनात्मक अनुभव और उनकी कार्यशैली से मिली सीख संगठन को और ज्यादा मजबूत व असरदार बनाने में मदद करेगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में हुई इस बैठक में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर चर्चा हुई। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अपने अच्छे कामों के दम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 में लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता गुंडाराज, माफियाराज, परिवारवाद और दंगों की राजनीति बिल्कुल नहीं चाहती, बल्कि वे विकास, अच्छा शासन और सुरक्षा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहने से ही प्रदेश समृद्ध होगा, जबकि सपा की सरकार आने पर अराजकता और जमीन कब्जाने के मामले बढ़ेंगे।

मौर्य ने दावा किया कि अगले 21 सालों तक समाजवादी पार्टी सत्ता से दूर रहेगी और देश व राज्य को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि सरकार और संगठन मिलकर 2017 जैसी बड़ी जीत को 2027 में भी दोहराएंगे। इस खास बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही, भूपेंद्र सिंह चौधरी, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. रमापति राम त्रिपाठी और डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## सरकारी नोटिस के बाद जागा मेटा: सीएसएएम कंटेंट हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी

**नई दिल्ली**

मेटा कंपनी ने भारत सरकार के सख्त नोटिस पर अपनी सफाई दी है। कंपनी के प्रवक्ता ने एनडीटीवी से कहा कि बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़े कंटेंट को लेकर उनकी नीति जीरो-टॉलरेंस की है, चाहे वह कोई विज्ञापन हो या फिर कोई सामान्य पोस्ट।

मेटा ने बताया कि वे इस तरह के गलत कंटेंट को खुद ढूंढने और अपराधियों को पकड़ने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी के मुताबिक, उनके 3.5 अरब यूजर्स के बीच छिपकर काम करने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए उनकी विशेषज्ञ टीमें लगातार काम कर रही हैं। सरकार की कानूनी कार्रवाई की चेतावनी इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम को ऐसे सभी कंटेंट और विज्ञापनों को तुरंत हटाने का आदेश दिया था। सरकार ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि मेटा ने 7 दिनों के भीतर इस पर पूरी जानकारी के साथ जवाब नहीं दिया, तो उसके खिलाफ आईटी एक्ट और पोक्सो एक्ट, 2012 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सरकार ने कंपनी के उस एल्गोरिदम को भी तुरंत सुधारने को कहा है जो इस तरह के कंटेंट को बढ़ावा दे रहा था। यह पूरा मामला एक बीबीसी रिपोर्ट के बाद सामने आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक के विज्ञापन नियमों के खिलाफ जाकर बच्चों के शोषण वाले वीडियो को बढ़ावा दिया जा रहा था। जांच में पाया गया कि इंस्टाग्राम पर बकायदा पैसे देकर रेप वीडियो और चाइल्ड वीडियो जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इन विज्ञापनों पर क्लिक करते ही यूजर्स को टेलीग्राम चैनलों पर भेज दिया जाता था, जहां ऐसा गलत और गैर-कानूनी कंटेंट बेचा जा रहा था। सरकार ने मेटा से कड़े सवाल पूछे हैं कि आखिर इस तरह के विज्ञापनों को मंजूरी कैसे मिली और भविष्य में इसे रोकने के लिए कंपनी क्या कदम उठा रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, मेटा इस मामले में यह कहकर अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती कि यह कंटेंट किसी तीसरे पक्ष का है।

## 11 साल की मासूम का बोरी में मिला शव, यौन उत्पीड़न के बाद हत्या का आरोप

**पश्चिम बंगाल**

**मुख्यमंत्री** शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाले पश्चिम बंगाल में रविवार (5 जुलाई, 2026) को एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने हर किसी को परेशान कर दिया है. दरअसल, राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर के सूर्यपुर हाट इलाके में रविवार (5 जुलाई, 2026) की सुबह एक बंद बोरी बरामद की गई है, जिसमें से एक 11 साल की बच्ची का शव निकला है.



'द टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि यह बच्ची एक दिन पहले यानी शनिवार (4 जुलाई, 2026) को लापता हो गई थी, जिसका अब शव बरामद किया गया है. इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया गया है और उसके बाद उसकी हत्या कर-के बोरी में बांधकर फेंक दिया गया है.

एक 11 साल की बच्ची के ऐसे हालत में शव बरामद किए जाने के बाद से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है. स्थानीय लोगों ने इस मामले में आक्रोश जताते हुए बरुईपुर-जॉयनगर रोड को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन से इस घृणित अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## तेज आंधी-बारिश से 15 उड़ानों का रास्ता बदलना पड़ा

**दिल्ली**

**दिल्ली** और उसके आसपास के इलाकों में रविवार को मौसम ने खतरनाक रूप ले लिया। अचानक आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानों की उड़ानों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। आसमान में साफ न दिखने और तेज हवाओं के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुल 15 उड़ानों का रास्ता बदलना पड़ा। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, इनमें 10 घरेलू और 5 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं, जिन्हें जयपुर और लखनऊ के हवाई अड्डों की तरफ भेजा गया है।

### आंदोलनकारियों ने भारत से लगाई मदद की गुहार, कहा- एलओसी खत्म करो

## पीओके में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत तेज!

**मुजफ्फराबाद। पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार तेज होते जा रहे हैं। स्थानीय संगठनों का आरोप है कि प्रशासन ने आंदोलन को दबाने के लिए सैकड़ों सामाजिक कार्यकताओं को हिरासत में लिया है, जिसके बाद कई इलाकों में जनाक्रोश बढ़ गया है। इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें आंदोलन से जुड़े नेता भारत के लोगों से सहायता की अपील करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इन वायरल वीडियो और दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।



स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, आंदोलन से जुड़े प्रमुख चेहरों में शामिल शौकत नवाज मीर को नजरबंद किए जाने के बाद विरोध और तेज हो गया। संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के कार्यकताओं का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारी लगातार अपने अधिकारों और प्रशासनिक सुधारों की मांग कर रहे हैं।

भौगोलिक संदर्भ भारत से मदद की अपील

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में जेएएसी के नेता सरदार अमन खान कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों से मदद की अपील करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वे राशन, दवाइयों और अन्य जरूरी सामान की कमी का जिक्र करते हुए कहते हैं कि सीमा के इस पार रहने वाले लोग उनकी सहायता के लिए आगे आएं।

वीडियो में अमन खान कथित तौर पर मेंढर, पुंछ, राजौरी और डोडा के लोगों का नाम लेते हुए सहायता की अपील करते हैं। हालांकि वीडियो की सत्यता और उसमें किए गए दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। एक अन्य वायरल वीडियो में अमन खान कथित तौर पर नियंत्रण रेखा को समाप्त करने की बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वे प्रदर्शनकारियों से सवाल करते हैं कि क्या उन्हें नियंत्रण रेखा की ओर बढ़ना चाहिए।

## हर पापी को मिले सख्त सजा; बच्चों के डिप्रेशन पर जताई चिंता- भागवत

**नागपुरः राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े कथित दान अनियमितता प्रकरण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नागपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस विषय पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पहले ही विस्तृत बयान जारी कर चुके हैं और वही संघ का आधिकारिक पक्ष है। भागवत ने अलग से टिप्पणी करने के बजाय कहा कि इस मामले में होसबाले के बयान को ही देखा जाना चाहिए। संघ ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।



संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अपने बयान में कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और मंदिर से जुड़ी किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण लंबे संघर्ष, त्याग और समाज के सहयोग से संभव हुआ है, इसलिए श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संगठन पूरी तरह डर गया

**उत्तर प्रदेश**

**राम** जन्मभूमि चंदा चोरी के आरोपों को लेकर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार द्वारा पुलिस को लिखे गए पत्र पर अब आम आदमी पार्टी ने तीखा पलटवार किया है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इस मामले पर बयान जारी करते हुए विहिप पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विहिप अध्यक्ष के इस कदम से यह साफ हो गया है कि संगठन इस बात से बहुत परेशान है कि देश भर में चंदा चोरी का मुद्दा उठाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विहिप के इरादे साफ नहीं हैं। अगर उनके इरादे साफ होते, तो वे खुद कहते कि उनकी संस्था के भीतर ही ऐसे कई लोग हैं जो इस मामले में सामने आकर गवाही देना चाहते हैं, क्योंकि इस ट्रस्ट में उनके ही संगठन से जुड़े लोग शामिल थे।



आलोक कुमार ने सरेंडर कर दिया

आप नेता ने आगे कहा कि विहिप ने अब तक अपनी तरफ से एक भी गवाह पेश नहीं किया है। इसका सीधा मतलब यह है कि आलोक कुमार ने एक तरह से सरेंडर कर दिया है। उन्होंने यह मान लिया है कि उनकी पार्टी या संगठन के लोग चंदा चोरी के इस मामले में गवाह बनने को तैयार नहीं हैं।

## 'पहले यूपी में तमंचे बनते थे, अब ब्रह्मोस...'

### सीएम योगी आदित्यनाथ का सपा-कांग्रेस पर हमला

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार (5 जुलाई) को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की सरकारें हर जिले में माफिया पालती थीं और अपने गुर्गों से तमंचे बनवाती थीं, लेकिन आज उत्तर प्रदेश देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अब कानून व्यवस्था, विकास और राष्ट्र सुरक्षा है.

योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित भाजपा के अवध क्षेत्र के शक्ति केंद्र संयोजकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "हमारे लिए राष?ट्र की सुरक्षा महत?वपूर्ण है और उनके लिए अपना लूट तंत्र मजबूत करना अहम था." उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में अपराध और माफिया का बोलबाला था, जबकि आज उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन का बड़ा केंद्र बन रहा है.

सपा-कांग्रेस पर भी साधा निशाना

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की चिंता इस बात को लेकर है कि जिन तबकों को वे जाति के नाम पर बांटते थे, उन्हें भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गरीब कल्याण योजनाओं के जरिए मुख्यधारा से जोड़ दिया है. उन्होंने दावा किया कि अब विपक्षी दल थककर भारत की आस्था पर प्रहार कर रहे हैं.



मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में मौजूद नितिन नवीन और बीएल संतोष का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित किया है. उन्होंने कहा, "यह वही स्थल है जो भारत की आत्मा को भारत के लोगों से परिचित कराने वाले राष्ट्र के तीन महान पुरुषों - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बना है."

धारा 370 और अंत्योदय का भी किया जिक्र

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर उनके सपने को साकार किया.

मुख्यमंत्री ने कहा, "मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के भीतर जितनी योजनाएं चली हैं।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर अवन्तिका विकास समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति नैनी के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक समिति के उपाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में अवन्तिका कालोनी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से होने वाले जल भराव के कारण लोगों की परेशानियों पर चिंता व्यक्त की गई। इसी प्रकार टूटीं सड़कों, बुझी स्ट्रीट लाइटे एवं पटे सीवर लाइनों को ठीक कराने की मांग की गई। बरसात में पेड़ों की छंटाई न होने पर सम्भावित दुर्घटनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जन समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से मिलकर अवगत कराते हुए समुचित व्यवस्था कराने की मांग की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी एवं संचालन महामंत्री रणवीर सिंह ने किया। बैठक में समिति संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल व अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी एवं अशोक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

# दिव्यांगों के अनुकूल होंगे अमृत भारत स्टेशन, प्रयागराज मंडल के सभी 18 ऐसे स्टेशनों पर खास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी



**प्रयागराज।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित हो रहे स्टेशनों को दिव्यांगजनों के अनुकूल (फ्रेंडली) बनाया जा रहा है। इससे दिव्यांगों का स्टेशन पर आना-जाना बेहद आसान होगा। प्रयागराज मंडल के सभी 16 अमृत भारत स्टेशनों पर ये खास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसी कड़ी में अगले चरण के उद्घाटन के लिए फतेहपुर, पनकी धाम और मीरजापुर रेलवे स्टेशनों को बेहद तेजी से तैयार किया जा रहा है। शनिवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) श्री दीपक कुमार प्रयागराज से फतेहपुर स्टेशन का सघन निरीक्षण करने पहुंचे।

उन्होंने स्टेशन पर नवनिर्मित 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), निर्माण की गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों, पुनर्विकास कार्यों में दिव्यांग अनुकूल रैंप, सुगम आवागमन, स्वच्छता और टिकटिंग व्यवस्था को देखा और कहा कि कार्य में कोई कमी न रहे। यात्री आएं तो वह यह जरूर कहें कि कितना शानदार स्टेशन है।

एडीआरएम दीपक कुमार ने गति शक्ति यूनिट के अधिकारियों को भी निर्देशित किया। स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा। इन आधुनिक बदलावों के बाद अब दिव्यांगजन भी बिना किसी बाधा के आत्मनिर्भर होकर सफर कर सकेंगे।

# गड्ढे में तब्दील हुई सड़कें, रहगीर परेशान



अखंड भारत संदेश

**लेड़ियारी प्रयागराज।** क्षेत्र में कई सड़कें गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। बरसात मे इन सड़कों से निकलने में लोगों को जोखिम भरी परेशानी उठानी पड़ सकती है। लोकनिर्माण विभाग मे ऐसी सड़कों की मरम्मत के लिए ग्रामीणों द्वारा शिकायत भी की जा चुकी है।डीही खुर्द अरूआरी संपर्क मार्ग नीबी पवांरी जमशोत मार्ग धोबहट चैलारी मार्ग गड़री किहुनी मार्गं व भगेसर मार्ग सहित दर्जनों सड़के इस समय टूट चुकी है। आरोप है कि विभाग में बैठे जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अब तक कई सड़कें मरम्मत से दूर रह गयी है। इस समस्या के चलते बरसात में अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार होते रहेंगे। विद्यालय में सायकिल से आने जाने में छोटे-छोटे बच्चों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। एक तरफ सरकार का दावा है कि कोई भी सड़क में गड्ढे न रहे, यदि आकलन किया जाए तो प्रत्येक 10 सड़कों में पांच सड़के आज भी गढ्ढे में चलती दिखाई दे रही हैं।

## बदमाशों ने कार सवार से जंजीर समेत 33000 रुपए की छीनैती कर फरार हो गए

**करछना।** के पिपरांव गांव में शनिवार की आधी रात को बेखौफ बदमाशों ने कार सवार को रोककर 33000 और सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस जांच में जुटी सिरसा गांव निवासी सौरव निषाद उम्र 26वर्ष पुत्र फुलचंद निषाद अपने दो भाईयो के साथ नैनी के खरकौनी इलाके मे? किराए के मकान में रहते हैं सौरव निषाद संगम घाट पर फोटो ग्राफी का काम करता है संगम पर आने वाले स्नानार्थियों की फोटो खिचकर कमाई करता है कल रात सिरसा से नैनी सिप्ट डिजायर गाड़ी से अपने दोस्त के साथ पनासा गांव के आगे पेट्रोल पंप के पास सड़क के बीचोंबीच एक बच्चा रो रहा था और एक व्यक्ति पड़ा हुआ है सौरव निषाद और उसका साथी वीरू निषाद गाड़ी से नीचे उतर कर बच्चे को? गोद में ले लिया जिसके बाद तभी दो बाइक सवार कुल पांच लोग हथौड़ी कुदाली के साथ पहुंचे और हमला करते हुए लुट करने लगे सौरव निषाद के साथ मारपीट करते हुए जेब में रखा तैतिस हजार रूपए और गले में सोने की चैन छीन कर फरार हो गए।

# दुःख की घड़ी में शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया पीड़ित परिवार के संघ



**कोरॉव।** इतवार को कोराव ब्लॉक के ग्राम कुकुरहटा निवासी हरिश्चन्द्र पाल के घर में विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण गत दिवस अचानक भीषण आग लग गई थी. इस घटना में उनका मकान, नगद धनराशि, कपड़े तथा अन्य आवश्यक घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दुःख साझा किया। संगठन के पदाधिकारियों ने आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एडवोकेट रवि कुमार पाल, प्रदेश सचिव एडवोकेट अनीस कुमार पाल, जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज संजीव कुमार पाल, मंडल उपाध्यक्ष लाल बाबू पाल, मंडल उपसचिव अनुज पाल, जिला उपाध्यक्ष सत्यम पाल, जिला उपाध्यक्ष सूरज पाल, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश पाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष उपेन्द्र पाल, ब्लॉक सचिव नेबूलाल पाल, सोशल मीडिया प्रभारी मंगला प्रसाद पाल, हंसराज पाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टीम सदस्य बोले शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया सदैव समाज के हर सुख-दुःख में साथ खड़ी रही है और आगे भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# भारतगंज में भव्य शोभायात्रा एवं झांकिया निकाली गई, डी.जे. की धुन में थिरकते हजारों श्रद्धालु





अखंड भारत संदेश

**मांडा।** भारतगंज के बावली हनुमान मंदिर से शनिवार शाम लगभग 5 बजे भव्य शोभायात्रा एवं झांकिया निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में डी जे की धुन पर थिरकते श्रद्धालु और पूरे नगर पंचायत में भक्तिमय का माहौल रहा । शोभायात्रा बावली हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर भारतगंज के प्रमुख मार्गों से होते हुए हाथी, डी जे, बाजे व रथ से राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी की झांकिया के साथ नगर पंचायत का भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई । यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वही

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने पुलिस टीम के साथ शोभायात्रा के दौरान मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से यात्रा संपन्न कराने के लिए अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखे रही।

मंदिर समिति ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को बावली हनुमान मंदिर परिसर में महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

# प्रयागराज से मुंबई-गुजरात जाने वाली आठ विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़े, सभी में यात्रियों को अभी मिल जाएगा आरक्षित टिकट

**प्रयागराज।** मुंबई और गुजरात की तरफ सफर करने वाले उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। प्रयागराज और सूबेदारगंज स्टेशनों से चलने वाली आठ प्रमुख स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का यह फैसला उन प्रवासियों के लिए राहत भरा है, जो सीट न मिलने के कारण अपनी यात्रा टाल रहे थे।

**नौ से 15 जुलाई तक ही होना था ट्रेन संचालन**

पहले इन ट्रेनों का परिचालन जुलाई के मध्य (नौ से 15 जुलाई) तक ही होना था, जिससे यात्रियों के सामने अचानक टिकटों का संकट खड़ा होने लगा था। यात्रियों की बढ़ती भीड़ और मांग को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने अब इन्हें अगस्त के आखिरी सप्ताह और सितंबर के पहले दिन तक चलाने की हरी झंडी दे दी है। इस फैसले से सबसे ज्यादा फायदा दादर, बांद्रा टर्मिनल, उधना, सूरत और वलसाड जाने वाले नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को होगा।

**इन विशेष ट्रेनों की समय सीमा बढ़ी है**

रेलवे ने जिन मुख्य गाड़ियों की समय-सीमा बढ़ाई है, इनमें मुंबई (दादर/बांद्रा) रूट पर प्रयागराज-दादर (28 अगस्त), सूबेदारगंज-बांद्रा (31 अगस्त) और सूबेदारगंज-दादर (30 अगस्त) तक चलेंगी। इनकी वापसी ट्रेनें क्रमश- 30 अगस्त और एक सितंबर तक उपलब्ध रहेंगी। गुजरात (उधना/वलसाड) रूट पर सूबेदारगंज-उधना और सूबेदारगंज-वलसाड एक्सप्रेस को भी अगस्त के अंत तक विस्तार दिया गया है। प्रयागराज-गांधीग्राम स्पेशल भी अब 29 अगस्त तक पटरियों पर दौड़ेगी।

**महाराष्ट्र व गुजरात के लिए नियमित ट्रेनों में नो रूम**

प्रयागराज से पश्चिमी भारत (महाराष्ट्र और गुजरात) के लिए नियमित ट्रेनों में महीनों पहले से ही 'नो रूम' की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में इन आठ जोड़ी विशेष ट्रेनों का फेरा बढ़ने से न सिर्फ वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सकेगा, बल्कि टिकटों की कालाबाजारी पर भी अंकुश लगेगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौके पर हुई मौत



**बारा प्रयागराज।** बारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत धरा, मौजा बांकीपुर में आकाशी बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई।घटना रविवार को दोपहर लगभग एक बजे ग्राम बांकीपुर निवासी प्रदीप मिश्रा की भैंस खेत में चरने गई थी। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। पशु पालक प्रदीप मिश्रा ने हल्का लेखपाल व पशु चिकित्सक को घटना की जानकारी दिया। हल्का लेखपाल द्वारा क्षति की आंकलन की कार्रवाई शुरू की ।

# ओठगी तरहार में गंदे पानी की निकासी न होने से ग्रामीणों में आक्रोश, बारिश में घरों में पानी घुसने और बीमारी का खतरा

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के ओठगी तरहार में अनिल तिवारी के घर के पास स्थित तालाब (गड़ही) इस समय बदहाली का शिकार है। तालाब पूरी तरह से कचरे, प्लास्टिक और गंदगी से पटा हुआ है। पानी के ऊपर हरी काई और कूड़े का अंबार लगा है, जिससे तालाब का अस्तित्व खतरे में दिखाई दे रहा है।

इस तालाब के चारों ओर लगभग 50 घरों की घनी बस्ती बसी हुई है। ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस तालाब से पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है।

**5 साल से नहीं हुई सफाई, प्रशासन मौन**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पाँच साल के पूरे कार्यकाल में इस तालाब की सफाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों की इस अनदेखी के कारण आज यह तालाब एक बड़े डंपिंग ग्राउंड में तब्दील हो चुका है।

**बारिश से पहले सफाई न हुई, तो घरों में घुसेगा गंदा पानी**

मानसून की आहट के बीच ग्रामीणों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अगर बारिश शुरू होने से पहले इस गड़ही की साफ-सफाई नहीं कराई गई, तो ओवरफ्लो होकर तालाब का गंदा और दूषित पानी सीधे लोगों के घरों में घुस जाएगा। तालाब में जमा इस भारी गंदगी और सड़न की वजह से इलाके में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे महामारी और भयंकर बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है।

ग्रामीणों की मांग है स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग तुरंत इस मामले को संज्ञान में ले और बारिश का पानी कहर ढाए, उससे पहले युद्ध स्तर पर इस तालाब की सफाई करवाकर पानी की निकासी का सही रास्ता बनाए।

# प्रयागराज आज आएंगे सीएम, योगी, 9823 करोड़ के विकास परियोजनाओं को मिलेगी मंजूरी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले में लोगों को जल्द ही नई सड़कों, फ्लाईओवर और हेलीपैड की सुविधा मिलने जा रही है। सोमवार को मेला प्राधिकरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान 9823 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विकास परियोजनाओं को मंजूरी मिलने की संभावना है। इन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने के बाद शहर का कायाकल्प होगा और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और सेतु निगम ने कुल 1180 विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार किया है। इन कार्यों पर 9823.64 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके बाद शहर से लेकर गांवों तक सड़क, पुल, फ्लाईओवर और हेलीपैड का निर्माण शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने 883 नई सड़कें बनाने का प्रस्ताव दिया है। इनकी कुल लंबाई 1364.96 किलोमीटर होगी और इन पर 1066 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। इनमें 30 सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण भी किया जाएगा। इन 387 किलोमीटर लंबी सड़कों पर 1329 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तावित है। 19 बडे पुल व पांच हेलीपैड निर्माण का होगा निर्माण परियोजना के तहत पांच हेलीपैड अलग-अलग तहसीलों में बनाए जाएंगे। इन पर 1.96 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। 109 छोटी पुलिया का निर्माण 158 करोड़ रुपये में होगा। इनकी लंबाई 60 मीटर से कम रहेगी। सेतु निगम 60 मीटर से अधिक दूरी वाले 19 बड़े पुलों का निर्माण करेगा। इन बड़े पुलों के निर्माण में 4100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।

इस योजना में छह फ्लाईओवर और बाईपास का निर्माण भी शामिल है। 106 सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य भी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 22 नए भवन भी बनाए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता पीके राय ने बताया कि योजना तैयार है। शासन से मंजूरी मिलते ही कार्य तेजी से शुरू होंगे। लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क, पुल, हेलीपैड, पुलिया आदि के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद आगे कार्य शुरू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के प्रयागराज दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत ब्रीफिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे को देखते हुए शनिवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस आयुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी मूवमेंट, ड्यूटी के दौरान सतर्कता और आपात स्थिति से निपटने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), पुलिस उपायुक्त गंगानगर, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त यातायात सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## हाईकोर्ट के नए अधिवक्ता चैंबर्स पर किराये के विवाद के बीच राहत की उम्मीद: रखरखाव व बिजली खर्च के लिए 24 करोड़ वार्षिक अनुदान की सिफारिश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग भवन के बिजली एवं रखरखाव पर होने वाले खर्च के लिए राज्य सरकार से 24 करोड़ रुपये का वार्षिक बजटीय अनुदान देने की सिफारिश की गई है। इस संबंध में हाईकोर्ट के महानिबंधक ने प्रमुख सचिव (न्याय) को पत्र भेजकर सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

महानिबंधक मनजीत सिंह श्योरण ने पांच जुलाई 2026 को प्रमुख सचिव (न्याय) उदय प्रताप सिंह को भेजे गए पत्र में कहा है कि अधिवक्ता चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग भवन के संचालन, बिजली और रखरखाव के लिए नियमित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि इसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ अधिवक्ताओं पर न पड़े।

दरअसल, इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन पहले से ही सरकार के समक्ष अपनी मांग रखता रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव ने 12 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर चैंबर्स के रखरखाव और बिजली मद में अनुदान अथवा सब्सिडी देने की मांग की थी। इसके बाद सात जून 2026 को बार पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की, जिस पर उन्हें सकारात्मक आश्वासन मिला था।

इसी क्रम में तीन जुलाई 2026 को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि राज्य सरकार को इस संबंध में सकारात्मक संस्तुति भेजी जाए। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर महानिबंधक ने बार एसोसिएशन के पूर्व पत्रों को संलग्न करते हुए राज्य सरकार से मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया है।

महानिबंधक द्वारा भेजे गए पत्र की प्रति हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे तथा एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सगीर अहमद को भी प्रेषित की गई है।

उधर, नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स के आवंटन की प्रक्रिया जारी है। हालांकि, अधिवक्ता लंबे समय से प्रस्तावित मासिक किराये का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि चैंबर्स का आवंटन एकमुश्त शुल्क लेकर किया जाए और भविष्य में किसी प्रकार का किराया न लिया जाए। ऐसे में राज्य सरकार को भेजी गई इस सिफारिश के बाद अधिवक्ताओं को उम्मीद है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जा सकता है।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चार वर्षीय बीए-बीएड प्रवेश पंजीकरण शुरू

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय बीए-बीएड (बीएबीएड) कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल सीयूईटी-एनसीईटी 2026 के स्कोर के आधार पर होगा। विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है।

विश्वविद्यालय के अनुसार चार वर्षीय बीए-बीएड में 50 सीटें निर्धारित हैं। अभ्यर्थियों को सीयूईटी-एनसीईटी 2026 का प्रवेश पत्र एवं स्कोर कार्ड, हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की अंकतालिका और प्रमाणपत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं हस्ताक्षर तथा आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में नवीनतम जाति या ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा।

अभ्यर्थियों के लिए आधार कार्ड और अपार आइडी अनिवार्य होगी। सामान्य, ओबीसी (नान-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए पंजीकरण शुल्क 300 रुपये, जबकि एससी, एसटी एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 150 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक चयनित पाठ्यक्रम के लिए अलग से पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

विश्वविद्यालय के अनुसार केवल वे अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग के लिए पात्र माने जाएंगे, जिन्होंने प्रोफाइल अपडेट करने के बाद संबंधित कार्यक्रम का चयन कर शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान किया होगा। इसके साथ ही एसएस खन्ना डिग्री कॉलेज ने भी चार वर्षीय बीए बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 37 साल पुराने दहेज हत्या मामले में तीन दोषियों को हाईकोर्ट से राहत : साक्ष्यों में विरोधाभास, विसरा रिपोर्ट पर भरोसा नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर नगर के 37 वर्ष पुराने दहेज हत्या के मामले में ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटते हुए तीन आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष हत्या का आरोप संदेह से परे साबित नहीं कर सका। साथ ही, जिस विसरा रिपोर्ट को अभियोजन ने अहम साक्ष्य बताया, उससे संबंधित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने के कारण उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने अपील स्वीकार करते हुए कहा कि आरोपियों से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत पूछताछ के दौरान विसरा रिपोर्ट और उससे जुड़े तथ्यों पर कोई सवाल नहीं किया गया। ऐसे में उस रिपोर्ट को उनके विरुद्ध साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

मामला कानपुर नगर के महाराजपुर थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार विजय लक्ष्मी का विवाह वर्ष 1984 में राकेश कुमार मिश्रा उर्फ डॉक्टर से हुआ था। आरोप था कि विवाह के बाद ससुराल पक्ष दहेज में नकदी और व्यापार में हिस्सेदारी की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। 13 जनवरी 1986 को मृतका के भाई ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया था कि ससुराल वालों ने विजय लक्ष्मी को जबरन जहरीला पदार्थ खिलाया, जिससे उपचार के लिए कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद विसरा जांच में जिंक फॉस्फाइड विष मिलने की पुष्टि होने का दावा किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने 7 दिसंबर



1989 को पति, ससुर, जेठ और सास को दोषी ठहराकर सजा सुनाई थी। अपील लंबित रहने के दौरान सास राजदेई का निधन हो गया।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने गवाहों के बयानों का परीक्षण करते हुए पाया कि अभियोजन की कहानी में महत्वपूर्ण विरोधाभास हैं। मृतका के भाई ने अपने बयान में कहा कि उसे कुछ खाने के लिए दिया गया था, जबकि एक अन्य गवाह ने कहा कि पानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया। अदालत ने कहा कि घटना के मूल तथ्यों को लेकर गवाहों के अलग-अलग बयान अभियोजन के मामले को कमजोर करते हैं।

खंडपीठ ने अपने फैसले में यह भी कहा कि जिंक फॉस्फाइड अत्यंत कड़वे स्वाद और तेज गंध वाला विष है। यदि किसी स्वस्थ व्यक्ति को इसे जबरन पिलाया जाता, तो स्वाभाविक रूप से संघर्ष के निशान दिखाई देते। हालांकि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, जिससे जबरन विष पिलाने की बात पुष्ट हो सके।

अदालत ने जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। फैसले में कहा गया कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि पोस्टमार्टम के बाद विसरा किसकी अभिरक्षा में रहा, उसे सुरक्षित रखने और फॉरेंसिक प्रयोगशाला तक पहुंचाने की प्रक्रिया क्या थी। फॉरेंसिक प्रयोगशाला के किसी अधिकारी को भी गवाही के लिए पेश नहीं किया गया, जिससे विसरा की अभिरक्षा की श्रृंखला (चेन ऑफ कस्टडी) प्रमाणित नहीं हो सकी।

हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामलों में अभियोजन जिन परिस्थितियों के आधार पर दोष सिद्ध करना चाहता है, उन्हें आरोपी के समक्ष धारा 313 सीआरपीसी के तहत रखना अनिवार्य है। ऐसा नहीं किए जाने पर उन परिस्थितियों का उपयोग आरोपी के खिलाफ नहीं किया जा सकता।

इन सभी तथ्यों के आधार पर अदालत ने माना कि अभियोजन हत्या का आरोप संदेह से परे सिद्ध करने में विफल रहा है। इसलिए ट्रायल कोर्ट का दोषसिद्धि और सजा का आदेश निरस्त करते हुए राम औतार, राकेश कुमार मिश्रा उर्फ डॉक्टर तथा लड्डुन मिश्रा उर्फ महेश को सभी आरोपों से बरी कर दिया। साथ ही आदेश दिया कि यदि आरोपी जमानत पर हैं तो उन्हें आत्मसमर्पण करने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके जमानत बंधपत्र स्वतः समाप्त माने जाएंगे।

## 12 वर्षीय बालक हत्याकांड में दो आरोपियों को हाईकोर्ट से बरी : बोले-केवल 'लास्ट सीन' के आधार पर नहीं ठहराई जा सकती दोषसिद्धि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा के शाहगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में हुए 12 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ संदेह से परे अपराध सिद्ध करने में विफल रहा। केवल ह्यलास्ट सीन टुगेदरह्न (अंतिम बार साथ देखे जाने) के सिद्धांत के आधार पर दोषसिद्धि नहीं की जा सकती, जब तक उसे अन्य ठोस साक्ष्यों से पुष्ट न किया जाए।

न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट), आगरा द्वारा तीन नवंबर 2020 को सुनाए गए दोषसिद्धि और आजीवन कारावास के आदेश को निरस्त करते हुए कबीर खान और इरशाद को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि यदि दोनों किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।

अभियोजन के अनुसार वर्ष 2013 में 12 वर्षीय प्रिंस को इरशाद शाम के समय घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था। अगले दिन रेलवे ग्राउंड के पास कूड़े के ढेर में बालक का आधा जला शव बरामद हुआ। उसके पैर बंधे हुए थे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने इरशाद और कबीर खान के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि अभियोजन का पूरा मामला इस आधार पर टिका था कि मृतक को आखिरी बार आरोपियों के साथ देखा गया था। हालांकि, इस संबंध में पेश किए गए गवाहों के बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खाते थे। अदालत ने कहा कि मृतक के पिता सर्वेश कुमार शर्मा समेत चार प्रमुख गवाहों के बयानों में महत्वपूर्ण विरोधाभास हैं, जिससे अभियोजन की कहानी कमजोर हो जाती है।

खंडपीठ ने मृतक के पिता के व्यवहार पर भी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यदि 12 वर्षीय बेटा रातभर घर नहीं लौटता है तो सामान्य परिस्थितियों में परिवार उसकी तलाश करता और पुलिस को सूचना देता। लेकिन रिकॉर्ड से पता चलता है कि पिता रात में आराम से सो गए, सुबह उठकर चाय पी और घर के बाहर बैठे रहे। बाद में आसपास भीड़ जुटने पर जाकर शव की पहचान की। अदालत ने इस आचरण को सामान्य मानवीय व्यवहार के विपरीत बताते हुए गवाही की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अभियोजन हत्या का कोई स्पष्ट मकसद स्थापित नहीं कर सका। न तो प्राथमिकी में और न ही गवाहों के बयानों में हत्या के पीछे किसी कारण का उल्लेख किया गया। इसके अलावा घटनास्थल से कोई हथियार या ऐसा भौतिक साक्ष्य भी बरामद नहीं हुआ, जो आरोपियों को सीधे अपराध से जोड़ता हो।

खंडपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल ह्यलास्ट सीन टुगेदरह्न का सिद्धांत किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। जब तक परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूरी श्रृंखला निर्विवाद रूप से आरोपी की ओर संकेत न करे, तब तक दोषसिद्धि नहीं की जा सकती।

इन परिस्थितियों में हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों का समुचित मूल्यांकन नहीं किया। इसलिए दोनों अपीलें स्वीकार करते हुए कबीर खान और इरशाद को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 और 201 के आरोपों से बरी कर दिया तथा उनकी तत्काल रिहाई का आदेश दिया।

## फर्जी कॉल लेटर से RPF में चयन की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज।** फर्जी काल लेटर के जरिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में चयन की कोशिश करने वाले आरोपित रोहित को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। आज रविवार को धूमनगंज पुलिस ने अभियुक्त रोहित को पकड़ा। उसके कब्जे फर्जी काल लेटर, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

गिरफ्तार रोहित पीलीभीत जिले के शिवनगर लालापुर का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला है कि महेश नाम एक युवक का चयन भी आरपीएफ में सिपाही पद पर हुआ है। उससे इंस्टाग्राम पर रोहित की दोस्ती थी। रोहित ने उससे कॉल लेटर लिया और फिर आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ के माध्यम से एडिट करके अपने नाम का बनाया था।

**जांच में पकड़ में आया मामला**

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र सूबेदारगंज में नवनियुक्त कांस्टेबल की ट्रेनिंग एक जुलाई 2026 से शुरू हुई। उत्तर रेलवे से प्राप्त सूची के आधार पर 70 कांस्टेबल का डोजियर और कागजात सत्यापन के लिए टीम बनाई गई थी। इसी बीच जांच में पता चला कि रोहित पुत्र झनकार निवासी ग्राम लालपुर, शिवनगर, पीलीभीत का कागजात कूटरचित है। फर्जी ढंग से उसने नियुक्ति का प्रयास किया।

**धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज**

तब प्रशिक्षण केंद्र के सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने धूमनगंज थाने में शुक्रवार को एफआइआर दर्ज कराई। जांच के बाद रविवार को इंस्पेक्टर धूमनगंज धनंजय पांडेय, चौकी इंचार्ज राजरूपपुर जगदीश त्रिपाठी ने घेरेबंदी करके अभियुक्त रोहित को ट्रेनिंग सेंटर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**कोर्ट में पेश कर आरोपित को भेजा जाएगा जेल**

चौकी इंचार्ज ने बताया कि रोहित के दोस्त महेश का चयन आरपीएफ सिपाही पद पर हुआ था। रोहित ने साथी के सरकारी कागजात की एडिटिंग करते हुए अपना नाम और रोल नंबर लिखा। एक दिन ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन में पकड़ा गया। अभियुक्त रोहित बीएससी की पढ़ाई की है और उसके पिता का निधन हो चुका है। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

## फर्जी जाति प्रमाणपत्रों पर हाईकोर्ट सख्त : सरकार से कहा- क्यूआर कोड और सॉफ्टवेयर आधारित व्यवस्था लागू करें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में सामने आ रही अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया है। अदालत ने कहा कि सॉफ्टवेयर आधारित सत्यापन प्रणाली और क्यूआर कोड जैसी तकनीक अपनाने से फर्जी जाति प्रमाणपत्रों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने यह टिप्पणी यूपी कोली कोरी प्रतिनिधि सभा की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ स्थानीय अधिकारी 'कोली' समुदाय के लोगों को गलत तरीके से 'कोरी' जाति का प्रमाणपत्र जारी कर रहे हैं।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अनुसूचित जातियों की सूची राष्ट्रपति के आदेश के तहत निर्धारित होती है, लेकिन कई बार स्थानीय स्तर पर नामों की समानता के कारण ऐसे व्यक्तियों को भी अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाता है, जो उसके पात्र नहीं होते। अदालत ने कहा कि वर्तमान विवाद भी इसी प्रकार का है। 'कोली' अनुसूचित जाति की सूची में शामिल नहीं है, जबकि 'कोरी' अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने अदालत को बताया कि इस विषय पर सरकार विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की प्रक्रिया में है। खंडपीठ ने कहा कि वर्तमान में जाति प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार तहसीलदार स्तर के अधिकारियों के पास है। ऐसे में त्रुटि या मनमानी की संभावना बनी रहती है। अदालत ने सुझाव दिया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणपत्रों के लिए एकीकृत सॉफ्टवेयर आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली विकसित की जाए, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह बन सके। साथ ही प्रमाणपत्रों का सत्यापन और ऑडिट भी आसानी से किया जा सकेगा।

अदालत ने यह भी कहा कि जिस प्रकार जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों तथा विभिन्न शिक्षा बोर्डों की अंकतालिकाओं पर यूनिक नंबर और क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू है, उसी तरह जाति प्रमाणपत्रों पर भी ऐसी व्यवस्था की जा सकती है। इससे प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता का तत्काल सत्यापन संभव होगा और फर्जी प्रमाणपत्रों की पहचान आसान हो जाएगी।

राज्य सरकार के अनुरोध पर हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई 2026 को शीर्ष 10 मामलों में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। याची संस्था का कहना है कि फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी होने से वास्तविक अनुसूचित जाति के पात्र लोगों के अधिकार और आरक्षण के अवसर प्रभावित हो रहे हैं।

## ऐनी बेसेन्ट सरस्वती बालिका इण्टर कॉलेज के शताब्दी समारोह की तैयारियाँ शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शिक्षा, संस्कार और सशक्तिकरण के गौरवमयी 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 5 जुलाई 2026 को ऐनी बेसेन्ट सरस्वती बालिका इण्टर कॉलेज, छोटा बघाडा के प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। यह बैठक पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें प्रयागराज महानगर के विद्या भारती विद्यालयों की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय का शताब्दी वर्ष समारोह आगामी 1 अक्टूबर 2026 को अत्यंत भव्य रूप में मनाया जाएगा। भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर



प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने विद्यालय का ऐतिहासिक परिचय देते हुए बताया कि इस विद्यालय की स्थापना 1 अक्टूबर 1925 को डॉ. ऐनी बेसेन्ट द्वारा की गई थी। अपने 100 वर्ष पूरे कर रहा है। अब यह विद्यालय विद्या भारती के अंतर्गत ऐनी बेसेन्ट सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज के नए स्वरूप में संचालित हो रहा है। शताब्दी समारोह को ऐतिहासिक, भव्य और दिव्य बनाने के लिए डॉ. राम मनोहर की अध्यक्षता में व्यापक रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत महानगर के प्रत्येक विद्यालय से शोभा यात्रा, पुरातन छात्र परिषद का गठन, स्मारिका का प्रकाशन, प्रदर्शनी, व्यापक प्रचार-प्रसार और सांस्कृतिक संध्या जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विशेष टीमों का गठन भी कर दिया गया है। समारोह की निरंतर समीक्षा और तैयारियों को गति देने के लिए अगली बैठक 26 जुलाई को सुनिश्चित की गई है। बैठक में भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री शरद गुप्ता, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव सहित महानगर के सभी प्रधानाचार्य व प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनपद में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जनपद में 07 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हेलीपैड, पार्किंग, पेयजल, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पंडाल एवं मंच निर्माण, सेफ हाउस की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, विद्युत, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र वितरण की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। डीएम ने ड्यूटी पर लगाये गये समस्त अधिकारी/मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि 7 जुलाई 2026 को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित रहेगे तथा पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्थान तक उपस्थित रहकर निर्दिष्ट निर्देशों के अनुक्रम में अपने दायित्वों का निर्वहन करेगें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लेना है। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का नियमित अनुश्रवण करते हुए प्रगति से अवगत कराते रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# बजरंग दल के जिला सह संयोजक को सिर कलम करने की धमकी

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा



**पट्टी।** बजरंग दल के जिला सह संयोजक विनय सिंह पुत्र अशोक सिंह को मोबाइल पर सिर कलम करने की धमकी ने खलबली मचा दी है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

आसपुर देवसरा क्षेत्र के भाटी खुर्द गाँव निवासी बिनय सिंह पुत्र अशोक सिंह बजरंग दल के जिला सह संयोजक हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपित किया है कि बीते एक माह से उनके मोबाइल फोन पर अलग-अलग नंबरों से रात में किसी भी समय फोन अज्ञात लोगों द्वारा किया जाता है। फोन रिसीव करने पर फोन करने वाले युवक द्वारा गाली गलौज करते हुए उन्हें उनका सिर कलम करने की धमकी दी जाती है। प्रतिदिन आ रही इस धमकी भरे काल से उनके परिवार के लोग भी दहशत में हैं। उन्होंने इसका डिटेल भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार चैरसिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। विवेचना उपनिरीक्षक हरेंद्र नारायण राय को सौंपी गई है।

# न्यूज झरोखा

## दुर्गा मंदिर बना आस्था का केंद्र, धूमधाम से मनाया गया आठवां स्थापना दिवस



**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी तहसील क्षेत्र के शेखपुर अठगवा गांव के शुक्लान बस्ती में स्थित मां दुर्गा मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठवां स्थापना दिवस मनाया गया।जिसमें विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।मां दुर्गा मंदिर की स्थापना स्वर्गीय ईश्वर दीन उर्फ रामबोध शुक्ला द्वारा आठ वर्ष पहले किया गया था। उनके निधन के बाद इस मंदिर की स्थापना दिवस प्रति वर्ष उनके परिवार के सतीश चन्द्र शुक्ला,गिरीशचंद्र शुक्ला , अखिलेश शुक्ला, बाल जी शुक्ला, विकास शुक्ला,प्रकाश शुक्ला,शिवम, शुभम शुक्ला द्वारा मनाया जा रहा है।इस दौरान शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा की मूर्ति लोगों का मन मोह लिया है।

## पेड़ से टकराया डंपर, चालक घायल



**पट्टी।** रानीगंज- पट्टी मार्ग पर रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे 108 एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दिलीपपुर थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर गांव निवासी बंटेश बहादुर (65) रविवार सुबह करीब पांच बजे डंपर से मिट्टी लेकर जा रहे थे। रानीगंज- पट्टी मार्ग पर किठौली गांव के समीप अचानक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ से टकरा गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पट्टी पहुंचाया। यहां सुबह करीब 5रू30 बजे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि हादसे में घायल के हाथ और पैर में फ्रैक्चर है। बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## मंदिर स्थापना उत्सव को लेकर हुआ भण्डारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**लालगंज।** स्थानीय ब्लाक परिसर स्थित शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वहीं धार्मिक उत्सव में शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। भगवान शिव के अभिषेक की भव्यता देख श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध देखा गया। देर शाम तक हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। आरती संध्या के साथ शिव स्तुति से जुड़े भजनों में भी श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने भगवान शिव की श्रद्धालुओं के साथ आरती उतारी। संयोजक चन्द्रमौलि सिंह ने भजन संध्या का संचालन किया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश शुक्ल, विजय तिवारी, दिनेश पाण्डेय, बजरंगी पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा, श्रेयशकर पाण्डेय, रेनू यादव, अंकुर पाण्डेय, मो. रियाज, आत्माराम मौर्य, ओपी पटेल आदि रहे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम



**प्रतापगढ़।** ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय अचानक करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। घटना से घर में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव में शनिवार की रात संतलाल सरोज का पुत्र सोनू सरोज (34) ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। अचानक वह करेंट की चपेट में आ गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर युवक के घर पहुंची तब कोहराम मच गया। सूचना पर लालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया।

## संदिग्ध दशा में फंदे से झूला युवक, मौत से कोहराम



**लालगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इससे घर में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी मुकेश सरोज का पुत्र पंकज सरोज (22) शनिवार को रात खानापीना खाकर कमरे में गया। रविवार की सुबह देर तक जब उसका कमरा नहीं खुला तब परिजनों ने आवाज दी। कमरे के अंदर से कोई जवाब न मिलने पर परिजन अनहोनी को लेकर आशंकित हो उठे। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़वाया तब पंकज को फंदे से लटकता देख आवाक रह गये। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। दबी जुबान से लोगों में यह चर्चा देखी सुनी गयी कि मृतक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लोगों के मुताबिक युवती द्वारा मृतक का नम्बर ब्लाक किये जाने से वह मानसिक अवसाद से ग्रसित हो उठा था। हालांकि पुलिस अभी घटना के विविध पहलुओं की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद सभी तथ्यों की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# छः महीने बाद भी जल जीवन मिशन ने नहीं भरा गड्ढा, लाखों का खड़ंजा क्षतिग्रस्त

## ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत



**पट्टी।** विकास खंड मंगरौरा के इटवा गांव का में जल जीवन मिशन ने छः महीने पहले, पाइपलाइन बिछाने के दौरान खड़ंजा सड़क उखाड़ दिया गया और गड्ढा नही भरा गड्ढे की वजह से आधा दर्जन गांवों के लोग गिरकर घायल हो गए हैं, खड़ंजा जस की तस है,जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा गया गड्ढा छः महीने बाद भी नहीं भरा गया। इससे लाखों रुपए की लागत से बना खड़ंजा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदार ने सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया। दो दिन पहले बरसात में गड्ढे में पानी भरने से हालात और खराब हो गए हैं। कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द गड्ढा भरवाकर खड़ंजा मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से जनता परेशान है। गांव के पंकज पांडेय , राजेश कुमार गौतम, शिवम् पांडे, विजय पांडे, सुशील शास्त्री,मनराजी सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला अधिकारी व जल निगम विभाग के एक्सईएन गड्ढा भरें जाने की मांग की है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मंगरौरा राजीव पांडे ने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान संजय पांडे ने खड़ंजा टूटने की शिकायत की थी, जल निगम विभाग को गड्ढा भरने के लिए मंगरौरा ब्लाक के जेई को पत्र लिखा गया है।

# डीएम एवं एसपी ने हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनपद में दिनांक 07 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत हेलीपैड पुलिस लाइन एवं कार्यक्रम स्थल राजकीय इण्टर कालेज व वीवीआईपी पार्किंग स्थल के0पी0 कालेज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से की जा रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। हेलीपैड की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, आवागमन मार्ग, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा वीआईपी मूवमेंट से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से अवलोकन किया। डीएम एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। अधिकारियों ने कहा कि यातायात प्रबंधन, प्रवेश एवं निकासी मार्ग, बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए, ताकि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। मौके पर अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सरसतपुर में ग्राम सभा की बैठक आयोजित, आवास सूची की हुई जांच




**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के सरसतपुर गांव में रविवार को ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। ग्राम विकास अधिकारी निशा सरोज ने बताया कि आवास की सूची जारी हुई थी, इसी को लेकर ग्राम सभा में बैठक बुलाई गई। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी निशा सरोज, प्रधान प्रतिनिधि अंबुज, सफाईकर्मी बांके लाल, शिवमूर्ति यादव, दयाराम पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।बैठक के दौरान प्रधानमंत्रीध्मुख्यमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल पात्रों के नाम पढ़कर सुनाए गए और आवास सूची की जांच की गई। ग्रामीणों ने बताया कि बैठक में पात्रों के नामों का सत्यापन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी निशा सरोज ने बताया कि रविवार की दोपहर 12 बजे बैठक संपन्न हुई। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में होने वाली ग्राम सभा की बैठकों में गांव की समस्याओं और विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी, ताकि बैठक का उद्देश्य सार्थक हो सके।

## शादी का झांसा देकर शोषण का लगाया आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने गैर बिरादरी के युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। रविवार सुबह युवक से मोबाइल पर बात करते देख भाई ने युवती की पिटाई कर दी। इसके बाद युवती अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि बगल गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर काफी समय से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ माह पहले मामला सामने आने पर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ था। इसके बावजूद युवक उससे लगातार संपर्क में बना रहा। रविवार सुबह युवक से फोन पर बातचीत के दौरान भाई ने देख लिया। विरोध करने पर उसने युवती की पिटाई कर दी। घटना के बाद मां-बेटी कोतवाली पहुंचीं और युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। दोनों पक्षों को पुलिस थाने ले गई है, जहाँ पर पंचायत चल रही है।पुलिसआरोपी को बचाने में जुटी हुई है,यही वजह है कि पीड़ित की तहरीर के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धालुओं को सम्मानित कर अमरनाथ यात्रा के लिए किया विदा



**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष मानवेन्द्र द्विवेदी रोर ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाओं के साथ यात्रा के लिए रवाना किया।इस अवसर पर उन्होंने बाबा बफार्नी से सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है।यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालुओं की पग यात्रा पहलगाम से प्रारंभ होकर पवित्र बाबा बफार्नी की गुफा तक रहेगी। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भगवान शिव के जयघोष के साथ कठिन पर्वतीय रास्तों को पार करते हुए पवित्र गुफा के दर्शन करेंगे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और उनकी सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## वरिष्ठ व्यापारी का निधन, जताया गया दुःख

**लालगंज।** इन्दिरा चौक के समीप किराना व्यवसायी शिव कुमार कौशल (70) का रविवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर चैक क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठान शोक के चलते बन्द हो गये। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, शत्रुघ्न शुक्ल, आशु कौशल, सभासद आशीष कौशल, ज्ञानचन्द्र मोदनवाल, रमेश कौशल, श्यामजी संवरिया, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, जियाउल, मनमोहन यादव, देवानंद मिश्र, फारूक खां, जय कौशल, अंजनी कौशल, शिव कुमार गुप्ता, रामजी वैश्य आदि ने वरिष्ठ व्यापारी के निधन पर दुःख जताया है।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज। कोतवाली लालगंज के पूरे बंशी निवासी संतराम वर्मा पुत्र रामअभिलाष ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती तीन जुलाई को शाम करीब छह से सात बजे के बीच जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर चार आरोपियों ने उसे घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट किया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसकी पत्नी को मारपीट कर गम्भीर रूप से चोटहिल कर दिया।

# ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की पढ़ी गई सूची




**कुंडा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत पुरैली मकदूमपुर एवं किंधौली में रविवार को खुली ग्राम सभा का आयोजन किया गया। दोनों ग्राम सभाओं में वर्ष 2024 की स्थायी प्रतीक्षा सूची के आधार पर तैयार लाभार्थियों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया।

ग्राम पंचायत पुरैली मकदूमपुर में ग्राम विकास अधिकारी संजय चंद्रा ने शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मानकों की जानकारी देते हुए सूची का वाचन किया। ग्रामीणों से आपत्ति-सुझाव मांगे गए। सूची के अवलोकन के बाद किसी ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। सभी ने सर्वसम्मति से चयनित लाभार्थियों की सूची का समर्थन किया। ग्रामीणों ने विकास कार्यों और पारदर्शी कार्यशैली के लिए ग्राम विकास अधिकारी संजय चंद्रा की सराहना की।ग्राम पंचायत किंधौली में ग्राम प्रधान सरोज शुक्ला की अध्यक्षता में खुली ग्राम सभा हुई। ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार सरोज ने सूची पढ़कर पात्रता के मानक बताए। यहां भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं आई और ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से सूची का अनुमोदन करते हुए प्रक्रिया को निष्पक्ष बताया।अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देश पर चयन प्रक्रिया को जनसहभागिता आधारित और पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। खुली ग्राम सभा में सूची पढ़कर सहमति लेना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, ताकि किसी पात्र का अधिकार प्रभावित न हो।ग्रामीणों ने कहा कि इस पहल से भ्रांति और शिकायत की संभावना कम होगी और वास्तविक पात्रों को समय पर आवास मिलेगा।

## तीस लीटर शराब बरामद, आरोपियों पर मुकदमा



**प्रतापगढ़।** आबकारी टीम द्वारा रविवार को औचक दबिश देकर जेठवारा थाना क्षेत्र के दो गांवों में तीस लीटर कच्ची शराब व चार कुन्टल लहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने थाना क्षेत्र के मझवारा तथा पतुलकी गांवों में दबिश देकर अवैध शराब व लहन बरामद किया। टीम द्वारा मौके पर मिली लहन को नष्ट कराया गया। वहीं तहरीर पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# भरत भूषण तिवारी को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि, न्याय की मांग हुई मुखर




**कुंडा।** बिहार प्रदेश पुलिस के कथित एनकाउंटर में दिवंगत हुए भरत भूषण तिवारी की स्मृति में रविवार को क्षेत्रवासियों ने राजापुर बाजार में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

कैंडल मार्च बाबागंज विकास क्षेत्र के राजापुर स्थित पिया मिलन चैराहा से शुरू होकर चैराहे स्थित माँ सुद्धेश्वरी देवी के धाम पर पहुंचकर संपन्न हुआ। हाथों में मोमबत्तियां लिए बड़ी संख्या में लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और भरत तिवारी अमर रहें, तथा न्याय दो जैसे नारों के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर दीपक मिश्रा, रोमी तिवारी, तूफानी तात्या मिश्रा, शशांक मिश्रा, सुमित मिश्रा, पिंटू मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि महाराजपुर, अमित शुक्ला, सिंघम, गोलू तिवारी, आदर्श पांडेय, बल्लू डॉन, कपिल तिवारी, आशुतोष मिश्रा, पवन मिश्रा, अवधेश चंद्र पांडेय पत्रकार, प्रधान ढिंगवस राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी, मो कलीम,राजेंद्र शुक्ला पप्पू समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने आत्मसमर्पण कर दिया है, तो उसके साथ कानून के दायरे में ही कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण ने कई गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं, जिनकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और शोकाकुल परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। लोगों ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंनेद कहा कि यदि घटना की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो लोगों का न्याय व्यवस्था से विश्वास कमजोर होगा। उन्होंने सरकार से मामले की पारदर्शी जांच कराकर सत्य सामने लाने और पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने की मांग की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मां-बेटे की मौत, जहर खाया कि खिलाया

● आत्महत्या के साथ-साथ हत्या के बिंदुओं पर भी सूक्ष्म जांच किए जाने की जरूरत है

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के पाण्डेय मऊ गांव में रविवार को मां और बेटे की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई है अब मां बेटे ने खुद जहर खाया है कि परिवार के लोगों ने जहर खिला दिया है यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है मां बेटे की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया है लेकिन तब तक देर हो चुकी थी मां बेटे की मौत हो गई है डॉक्टर ने दोनों के मौत की पुष्टि कर दी है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल कर रही है दो लोगों की मौत का मामला बड़ा गंभीर है आत्महत्या के साथ-साथ हत्या के बिंदुओं पर भी सूक्ष्म जांच किए जाने की जरूरत है

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के पांडे मऊ गांव निवासी सुमरी देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्री जगलाल की शादी 5 वर्षों पहले कोखराज थाना क्षेत्र के तकीपुर गांव निवासी धनराज के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी दंपति के बीच एक बेटा युवराज उम्र 3 वर्ष और बेटी गुड़िया 3 माह की है रविवार को महिला और उसके बेटे युवराज की अचानक हालत बिगड़ गई उल्टियां होने लगी और मौके पर दोनों अचेत हो गए घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार के साथ-साथ गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और उसके बाद मां बेटे को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की मौत जहर की तीव्रता से हो गई है परिजनों का कहना है कि मां बेटे ने जहर खा लिया उनकी मौत हो गई लेकिन महिला और बेटे ने जहर खाया है या किसी ने उनको जहर खिलाया है यह पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मां बेटे दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन एक साथ दो लोगों की मौत के बाद तमाम बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर महिला उसके बेटे की मौत कैसे हुई है विवाद का क्या कारण था



## आपस में टकराए तीन बाइक सवार कई घायल एक की हालत गंभीर

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के गौरा मोहल्ले में रविवार की दोपहर बाद लगभग 4:00 बजे 3 बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है एक घायल की हालत गंभीर बताई जाती है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खोजवापुर गांव निवासी निर्भय सिंह रविवार की शाम 4 बजे बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र की भरवारी कस्बे के गौरा रोड पर पहुंचे उनकी बाइक की टक्कर दो अन्य बाइक सवार से हो गई है जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया है बताया जाता है कि निर्भय सिंह की हालत गंभीर है उनका सिर फट गया है और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी उन्हें गंभीर चोट लगी है घटना की जानकारी निर्भय सिंह परिवार के लोगों को पुलिस ने दे दी है

## मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**कौशांबी** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कौशांबी द्वारा दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान तिल्हापुर मोड़ चायल कौशाम्बी में मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांगजन विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी डॉ नरेंद्र दिवाकर ने कहा कि मानसिक बीमारी किसी व्यक्ति की कमजोरी नहीं,बल्कि एक चिकित्सकीय स्थिति है,जिसका समय पर उपचार एवं उचित परामर्श से प्रभावी प्रबंधन संभव है। शिविर में दिव्यांग प्रतिभागियों को बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र दिव्यांगजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पीएलवी ममता दिवाकर ने प्रतिभागियों के परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं, दिव्यांग प्रमाणपत्र, शिक्षा एवं कौशल विकास, पुनर्वास सेवाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मानसिक रोग के शुरुआती लक्षणों की पहचान,तनाव प्रबंधन, नशामुक्ति तथा समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में आए लाभार्थियों एवं उनके परिजनों की समस्याएँ सुनी गईं तथा आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैनल अधिवक्ता प्रदान किए जाने संबंधित जानकारी प्रदान की कश्मीर कौर (प्रबंधक) दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान ने कहा कि समाज की सहभागिता एवं जागरूकता से ही मानसिक बीमारी और दिव्यांगता से जुड़े भेदभाव एवं भ्रांतियों को समाप्त किया जा सकता है। संस्थान में रह रहे बच्चों को चार्ट पेपर एवं ड्राइंग कलर देकर बच्चों से पेंटिंग करवाई गई जिससे उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जा सके साथ सभी बच्चों को कॉपी और पेन, चॉकलेट देकर पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अमरदीप दिवाकर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में पीएलवी डॉ नरेंद्र दिवाकर, ममता दिवाकर, अमरदीप दिवाकर एवं संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, प्रबंधक कश्मीर कौर, चिकित्सक डॉ विनोद सिंह, मदन केसरवानी, विनोद साहू, दीनानाथ त्रिपाठी, गुड़िया, सुमन, अखिलेश, ऋषभ, नेहा, प्रेमा, रमेश, इरशाद, सहवासी छात्र के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## लंबे समय से जमे 20 आरक्षी और मुख्य आरक्षी को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**कौशांबी** जिले के मंझनपुर कोतवाली में अंकुर तिवारी वा विकास करारी थाना में रितेश मौर्या महेवा घाट थाना में ईश्वर चंद्र यादव अभिषेक यादव पुष्पेंद्र वा कौशांबी थाना में सचिन मोहब्बत पुर पाइंसा थाना में गोबिंद शर्मा कड़ा धाम थाना में रिशु कुमार सिंह वा बृजेश सैनी कोतवाली में आकाश दुबे कोखराज थाना में शिवजीत सिंह वा पंकज कुमार सराय अकिल थाना में पंकज सिंह कुंवर वा योगेंद्र पिपरी थाना में शिवम सिंह संदीपन घाट थाना में नीरज यादव अनिरुद्ध सिंह चरवा थाना में नफीस और देवदत्त सिपाही लंबे समय से आरक्षी और मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे जो मनमानी पर उतर आए थे लगातार इनकी शिकायत पुलिस अधीक्षक तक पहुंच रही थी कई बार इन्हें अपने कार्यों में सुधार करने की चेतावनी भी दी गई थी लेकिन आदत से मजबूर सिपाहियों ने अपनी कायर्शैली में सुधार नहीं किया बताया जाता है कि थानेदारों के यह कारखास सिपाही थे इन्हीं के दम पर इलाके के संगठित अपराधों से वसूली होती थी बीती रात पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने विभिन्न पुलिस थानों में तैनात 20 पुलिस कर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया है आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत की कार्यवाही के बाद पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है

# बसपा की समीक्षा बैठक : मायावती को 5वीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने फूंका चुनावी बिगुल

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी** बहुजन समाज पाटी के तत्वाधान में 5 जुलाई को तीनों विधानसभा की बैठक मूरतगंज स्थित एक निजी विद्यालय में सेक्टर नंबर 6 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सेक्टर और बूथ स्तर के सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शामिल हुए।कौशाम्बी की तीनों सीटों को जीतने पर मंथन हुआ बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में कौशाम्बी जनपद की तीनों विधान सभा सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलानी है।उनका मुख्य लक्ष्य बहन कुमारी मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। विश्वनाथ पाल ने कहा कि केवल बसपा की 'सर्वजन हिताय,सर्वजन सुखाय' की सरकार ही समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ सकती है इस समीक्षा बैठक में पाटी के शीर्ष स्थानीय नेताओं वरिष्ठ नेताओं भारी जनसैलाब की मौजूदगी रही। मंच पर मुख्य मंडल प्रभारी सतीश जाटव,चिंतामणि वर्मा,मंडल प्रभारी रमेश गौतम,राम नरेश गौतम और पंकज पासी उपस्थित रहे। जिला कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, जिला महासचिव गिरीश पासी और रत्नेश गौतम ने सांगठनिक रूपरेखा सामने रखी।इसके साथ ही तीनों विधानसभा के अध्यक्ष बंशीलाल चौधरी,शिवचंद सरोज और घनश्याम गौतम सहित रत्नेश तिवारी,सुनील पाल,राजा तिवारी और मनीष द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक में वी.बी.एफ और बामसेफ के पदाधिकारियों सहित जिला भाईचारा संयोजक आदित्य गौतम,जगजीवन राम, अखिलेश पाल,रामआसरे वर्मा, भैया लाल प्रजापति,वीरेंद्र बौद्ध और लालमन अम्बेडकर जैसे दजर्नों वरिष्ठ नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यकर्ताओं ने जीत का संकल्प लिया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं और समथर्कों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने हाथ उठाकर पाटी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे बूथ स्तर पर जाकर लोगों को बहन जी की नीतियों से अवगत कराएंगे। इस बैठक में अरविंद सरोज,भारत लाल,चंद्रपाल सरोज,घनश्याम पासी,बदलू दिवाकर, सुकरू लाल निर्मल, पी.पी. चौरसिया, तुफैल अहमद, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद रेहान, इरशाद, रामनरेश पटेल, देवेंद्र पाल, अशोक सोनकर, सत्य प्रकाश गौतम, डॉ.वीरेंद्र गौतम, राहुल कुमार गौतम, डॉ.सुरेश कुमार गौतम सुनील कुमार पटेल शिवकुमार कोरी उबैद अंसारी, उमेश पाल, राजेंद्र पाल और प्रवीण पाल सहित भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# इलाज के दौरान विवाहिता की मौत

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, बचपन में ही माता-पिता की हो गई थी मौत मामा मामी ने किया लालन पालन

अखंड भारत संदेश



**महेवाघाट कौशांबी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव की एक विवाहिता की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई है मौत के बाद उसके मायके के लोगों ने आरोप लगाया है कि तीन दिन पहले पिटाई की गई थी जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई है और इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और पति पर आरोप है कि वह अधिक शराब पीकर आए दिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता है इतना ही नहीं मायके के लोगों ने आरोप लगाया है कि महिला के पति का भाभी के साथ अवैध संबंध भी है जिसके उजागर होने के बाद महिला विरोध करती थी इसीलिए महिला को मौत के घाट उतार दिया गया है महिला की मौत के बाद उसके शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव की खुशबू देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी महेंद्र कुमार कहार के माता-पिता की बहुत पहले मौत हो गई थी उसका लालन-पालन उसके मामा मामी ने किया था बड़ी होने के बाद खुशबू देवी की शादी अलवारा गांव के महेंद्र कुमार कहार से कर दी गई थी शादी के कुछ वर्षों तक तो ठीक-ठाक रहा इसी बीच दो बच्चों ने भी जन्म लिया बताया जाता है कि महेंद्र कुमार का अपनी भाभी से अवैध संबंध बन गया जिसकी जानकारी जब खुशबू देवी को हुई तो खुशबू देवी ने भाभी से अवैध संबंध का विरोध किया और इसी विरोध के चलते खुशबू को उसके पति ने तीन दिन पहले डंडे से बेरहमी से मारा पीटा और जमीन पर पटक कर उसके साथ अत्याचार किया जब पत्नी की हालत गंभीर हो गई तो उसे इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई है खुशबू की मौत के बाद उसके मायके के लोगों ने पति पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने खुशबू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

## महगांव में भूमि विवाद की शिकायतों का एसडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण

**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी, चायल अरुण कुमार ने आज ग्राम महगांव में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया।कैंप में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता अनवर की शिकायत पर जांच करने पर पाया कि सहखातेदार के मध्य कब्जा को लेकर विवाद हैं। आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराने का प्रयास किया गया। आपसी सहमति नहीं होने पर अवगत कराया गया कि न्यायालय में धारा 116 के अंतर्गत वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### विद्याथी परिषद नें चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान



**कौशांबी** अखिल भारतीय विद्याथी परिषद कौशांबी जिले के मंझनपुर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 5 जुलाई को विद्याथी परिषद की गतिविधि विकासार्थ विद्याथी के माध्यम से प्रत्येक रविवार को होने वाले प्लास्टिक मुक्त अभियान संडे फॉर मंझनपुर के अंतर्गत डायट मैदान में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया यह अभियान प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है ऐसे में नगर के विद्याथी प्रत्येक रविवार को अपना समय सामाजिक कार्यों के लिए देते हैं जिला संयोजक सुशील सोनकर ने बताया कि यह अभियान नियमित दो वर्षों से चल रहा है सिर्फ विद्याथी परिषद के प्लास्टिक मुक्त अभियान से पूरा नगर प्लास्टिक मुक्त नहीं हो सकता है लेकिन हम समाज में यह संदेश देने का प्रयास करते हैं कि समाज के लोग प्लास्टिक का कम उपयोग करें जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अश्वनी सिंह,नगर मंत्री दीपक राजपूत सहित विद्याथी परिषद की कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### रसूलपुर बड़गांव में भूमि विवाद की शिकायतों का एसडीएम ने मौके पर किया निस्तारण



**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह ने शनिवार को ग्राम रसूलपुर बड़गांव में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया।किंप में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता राम अभिलाष की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 121 मि0, बंजर भूमि की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता रामराज की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 333, चकरोड की पैमाइश कर चिन्हित किया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### ग्राम तिलगोड़ी में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने आज ग्राम तिलगोड़ी में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। कैंप में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता कुंवर सिंह की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 329, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता प्रेमबाबू प्रजापति की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 188,चकरोड की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। शिकायतकर्ता छेदीलाल की शिकायत पर बंजर भूमि एवं नवीन परती भूमि को चिन्हित किया गया एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

रेत का पहाड़ देखना है तो चायल सर्किल क्षेत्र में आइए...

# जनता का सवाल अवैध रूप से हो रहे रेत भंडारण का जिम्मेदार कौन!

अखंड भारत संदेश

**सराय अकिल कोतवाली अंतर्गत कटैया बालू डंप बना जीता जागता सबूत कटैया बालू डंप पर बड़ा आरोपः 60 हजार घन मीटर की अनुमति, 1.40 लाख घन मीटर भंडारण का दावा**

**कौशाम्बी।** बालू खनन के मामले में आभी तक तो पानी के अंदर का भ्रष्टाचार देखने को मिला रहा था लेकिन अब जमीन के ऊपर भी बालू में भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।यह है कौशाम्बी जिले के जिम्मेदारों का खेल जिस प्रकार से जिले में अवैध रूप से बालू भण्डारण में सारे नियमो को तोड़ते हुए भंडारण किया जा रहा है यह सरकार को जिम्मेदारों द्वारा बेवकूफ बनाकर अपनी जेब भरने का काम किया जा रहा है।सही मायने में देखा जाए तो अब उच्च लेवल जांच की आवश्यक्ता है।जिसके लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है। सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के कटैया स्थित बालू भंडारण केंद्र एक बार फिर विवादों में घिर गया है। ग्राम चक पिनहा निवासी अली अहमद उर्फ राजू ने मुख्यमंत्री को प्राथर्ना पत्र भेजकर बालू भंडारण केंद्र में बड़े पैमाने पर अनियमितता किए जाने का आरोप लगाया है।शिकायत में दावा किया गया है कि स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक बालू का भंडारण किया गया है, जिससे राजस्व हानि के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक कौशरी बेगम के नाम स्वीकृत बालू भंडारण क्षमता 60 हजार घन मीटर है, लेकिन मौके पर करीब 1.40 लाख घन मीटर बालू जमा होने का आरोप है। मामले की शिकायत खनन अधिकारी, एसडीएम चायल और जिलाधिकारी से भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के नजदीक बड़े पैमाने पर बालू भंडारण किए जाने से सड़क पर लगातार बालू फैल रही है। इससे धूल प्रदूषण बढ़ गया है और राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। लोगों ने ओवरलोड वाहनों से लगातार बालू ढुलाई किए जाने का भी आरोप लगाया है। अली अहमद ने मुख्यमंत्री से पूरे भंडारण स्थल की पैमाइश कराकर निष्पक्ष जांच कराने,क्षमता से अधिक बालू पाए जाने पर भंडारण स्थल को सीज करने और जिम्मेदार अधिकारियों व संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

# 47 रुपए की रसीद में 57 रुपए की वसूली का कब तक चलेगा डाकघर में खेल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में डाकघर के कई काउंटर बंद कर दिए जाने और कमर्चारियों की संख्या में कमी कर दिए जाने के बाद केवल एक काउंटर होने के चलते डाकघर में रजिस्ट्री करने वालों की सुबह से लंबी भीड़ लगती है और इसी भीड़ का फायदा उठाते हुए डाकघर के कमर्चारियों ने खुलेआम भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया है 47 रुपए की रजिस्ट्री की रसीद देने के बाद खुले आम काउंटर में 57 रुपए की वसूली डाकघर के कमर्चारियों द्वारा पूरे दिन बिना रोक-टोक के की जाती है एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात करते हैं लेकिन डाकघर मंझनपुर में रजिस्ट्री करने वालों से खुलेआम अधिक रकम की वसूली पूरे दिन होती है यह खेल पर्दे की ओट से नहीं होता है बल्कि रजिस्ट्री करने वालों को गुमराह करके खुले आम डाकघर के काउंटर पर हो रहा है और उसके बाद भी डाकघर के कमर्चारियों की वसूली पर रोक नहीं लगाई गई है सवाल उठता है कि डाकघर की अव्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए नोडल अधिकारी कौन है और इन पर अंकुश कौन लगाएगा डाकघर मंझनपुर में रजिस्ट्री करने वालों से खुलेआम पूरे दिन ज्यादा रकम की वसूली किए जाने के बाद भ्रष्टाचार मुक्त की व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हैं रजिस्ट्री में निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने की आड़ में कई हजार रुपए प्रतिदिन के भ्रष्टाचार की रकम खुलेआम डाकघर मंझनपुर में वसूली हो रही है लेकिन जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डाकघर के अधीक्षक और प्रयागराज के प्रवर अधीक्षक सहित डाकघर के विभिन्न अधिकारियों ने डाकघर मंझनपुर में होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और भ्रष्टाचार के जरिए ग्राहकों से अवैध तरीके से वसूली करने वाले कमर्चारियों को निलंबित कर इन पर मुकदमा दर्ज कर भ्रष्ट कमर्चारियों की गिरफ्तारी नहीं कराया है जिससे डाकघर में रजिस्ट्री करने वाले ग्राहकों से 47 रुपए के बजाए खुलेआम 57 रुपए की वसूली के मामले में एक साल बाद भी रोक नहीं लग रही है बताया जाता है कि प्रति वर्ष डाकघर में 10 लाख रुपए से अधिक भ्रष्टाचार से रजिस्ट्री शुल्क वसूलकर कमर्चारी अधिकारी मालामाल हो रहे हैं जो बेहद गंभीर मामला है जिला अधिकारी से लेकर डाकघर के मंडलीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए रजिस्ट्री में अधिक वसूली करने के मामले की जांच कराए जाने और दोषी कमर्चारियों और डाकघर मंझनपुर अधीक्षक को निलंबित कर इनको गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग आम जनता ने की है।

# शिवपुरी बना देश की रक्षा शक्ति का नया केंद्र : 2,500 करोड़ के अदाणी डिफेंस प्लांट का शिलान्यास

## ● 10 हजार रोजगार और 108 फीट भगवान शिव प्रतिमा की घोषणा

राहुल जैन (रूद्र)








**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले ने रविवार को औद्योगिक और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कोलारस तहसील के पाली गांव में ?2,500 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। यह परियोजना दक्षिण एशिया के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के डिफेंस इकोसिस्टम में से एक मानी जा रही है। कार्यक्रम में अदाणी समूह के निदेशक करण अदाणी और जीत अदाणी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ?211.29 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इस प्लांट में भविष्य में मिशन-रेडी मिसाइलें, गोला-बारूद, आधुनिक छोटे हथियार, एडवांस असॉल्ट राइफल, लाइट मशीन गन, स्नाइपर राइफल, पिस्तौल, सब-मशीन गन तथा अन्य अत्याधुनिक रक्षा उपकरण तैयार किए जाएंगे। परियोजना से लगभग 2 हजार प्रत्यक्ष तथा 10 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।

**मुख्यमंत्री बोले - महाराज ने आज रोटी पर थोड़ा ज्यादा मक्खन लगा दिया :**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन की शुरुआत हल्के-फुल्के अंदाज में करते हुए कहा कि आज महाराज (ज्योतिरादित्य सिंधिया) की आवाज कुछ अलग ही लग रही थी, ऐसा लगा जैसे ₹रोटी पर थोड़ा ज्यादा मक्खन लगा दिया हो। मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी पर कार्यक्रम स्थल तालियों और मुस्कुराहट से गूंज उठा। हालांकि मुख्यमंत्री ने सिंधिया की लगभग सभी प्रमुख मांगों को स्वीकार करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

**भगवान शिव की 100 फीट से अधिक ऊंची प्रतिमा बनेगी :**

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भगवान शिव की नगरी शिवपुरी में 100 फीट से अधिक ऊंची भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भी शिवपुरी में कथा के दौरान गुरु दक्षिणा स्वरूप भगवान शिव की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग केंद्रीय मंत्री सिंधिया से की थी।

**रक्षा उत्पादन का नया केंद्र बनेगा शिवपुरी :**

पाली गांव स्थित यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के किनारे विकसित होगी। सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी के कारण यह औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रशासन का मानना है कि इस परियोजना से न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि होटल, परिवहन, निर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी।

**डिफेंस उत्पादों की प्रदशनी बनी आकर्षण का केंद्र :**

शिलान्यास से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदशनी टेंट में रखे आधुनिक हथियारों, मिसाइलों और अन्य रक्षा उपकरणों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने उन्हें प्रस्तावित प्लांट में बनने वाले रक्षा उत्पादों, उनकी तकनीक और उत्पादन क्षमता की विस्तृत जानकारी दी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ शुभारंभ :**

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ग्वाला भजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, करण अदाणी और जीत अदाणी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।

**औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम :**

करीब 2,500 करोड़ की यह परियोजना मध्य प्रदेश के सबसे बड़े रक्षा औद्योगिक निवेशों में शामिल होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे शिवपुरी केवल पर्यटन या ऐतिहासिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में देश के प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी नई मजबूती प्रदान करेगी।

### युद्ध होगा तो शिवपुरी से जाएंगे हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे : सिंधिया




केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज शिवपुरी के इतिहास में नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा, जब भी देश की रक्षा के लिए युद्ध होगा, तब शिवपुरी में बने हथियार और गोला-बारूद देश की सीमाओं तक पहुंचेंगे। यहां के युवाओं की मेहनत से बने हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे और भारतीय सेना की ताकत बढ़ाएंगे। सिंधिया ने मुख्यमंत्री से शिवपुरी के विकास के लिए चार प्रमुख मांगें भी रखीं, जिनमें भगवान शिव की 108 फीट ऊंची प्रतिमा, सड़क परियोजना, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की मांग शामिल थी।

### शिवपुरी के लिए मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं :




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं

(1) भगवान शिव की 100 फीट से अधिक ऊंची प्रतिमा की स्थापना।

(2) लगभग ?120 करोड़ की सड़क परियोजना को स्वीकृति।

(3) नई तहसील के गठन को मंजूरी।

(4) राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं।

कार्डियोलॉजी विभाग की स्थापना।

(5) सीटी स्कैन सहित आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अन्य विकास संबंधी मांगों पर भी सहमति।

### जीत अदाणी बोले 2030 तक मध्य प्रदेश में देंगे 1.20 लाख रोजगार



अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि पिछले वर्ष भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मध्य प्रदेश में 1.10 लाख करोड़ निवेश की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि यह निवेश पंप हाइड्रो स्टोरेज, सीमेंट, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और थर्मल एनजी जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा तथा वर्ष 2030 तक प्रदेश में लगभग 1 लाख 20 हजार रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिवपुरी में बनने वाला यह प्लांट दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का मिसाइल इकोसिस्टम होगा, जहां कच्चे माल से लेकर मिशन-रेडी मिसाइल तक का निर्माण एक ही परिसर में किया जाएगा।

## मिचकी में गूंजा 'हर बच्चा स्कूल जाए' का संदेश, प्रभात फेरी निकालकर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश




**फतेहपुर।** हसवा विकास खंड क्षेत्र के मिचकी गांव में शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम मिचकी में सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी एवं बाबू सर की इंग्लिश क्लास के संयुक्त तत्वावधान में ₹स्कूल चलो अभियान₹ के अंतर्गत भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बच्चों ने शिक्षा से जुड़े प्रेरणादायक नारों के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के संयोजक एवं संस्थापक राकेश सविता ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराकर उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। इस अवसर पर आचार्य बाबू सिंह ने कहा कि एक शिक्षित समाज ही विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अभिभावकों से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, सचिन सिंह, किसान नेता राकेश यादव, नयन सिंह, गुरुदत्त सिंह, नरोत्तम सिंह, इंदल सिंह, अजेय सिंह, अखिलेश यादव, शनि यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने ₹हर बच्चा स्कूल जाए, हर बच्चा पढ़े का सामूहिक संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक और सकारात्मक पहल बताया।

## विकास के दावों पर गंदगी की मार, नालियां चोक होने से ग्रामीणों का जीना दूभर

अखंड भारत संदेश



**धाता/फतेहपुर।** विकास और स्वच्छता के दावों के बीच धाता विकास खण्ड की ग्राम पंचायत खैरई(मंजरे गनही) में बदहाल सफाई व्यवस्था ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। नियमित सफाई न होने के कारण गांव की नालियां पूरी तरह चोक हो गई हैं, जिससे घरों का गंदा पानी गलियों और सड़कों पर बह रहा है। जगह-जगह जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत प्रशासन ने समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।गांव की गलियों में जमा गंदा पानी और कूड़े के ढेर से बदबू फैल रही है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। नालियों की सफाई न होने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। घरों के सामने गंदा पानी जमा रहने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लोगों को घरों से निकलने के लिए पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की ओर से सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती नहीं की जाती। कई दिनों तक कोई सफाईकमी गांव में दिखाई नहीं देता, जिससे नालियों में कचरा भर जाता है और जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। लोगों का कहना है कि गांव में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।गांव के लोगों ने बताया कि पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। जलभराव के कारण हैंडपंपों और आसपास के जलस्त्रोतों के दूषित होने की आशंका बनी रहती है। बदबू और गंदगी के बीच रहने को ग्रामीण मजबूर हैं। कई परिवारों ने बच्चों के बीमार पड़ने की शिकायत भी की है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव तथा संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन इन 5 वर्षों के प्रधान कार्यकाल में अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। इन 5 वर्षों में गांव का एक भी काम नहीं हुआ है । समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पर खर्च होने वाले सरकारी धन का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे गांव की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

## सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सदस्यों ने मानस रक्तकेंद्र में किया रक्तदान, जन्मदिन और पुण्यतिथि पर पेश की मिसाल




**फतेहपुर।** मानस रक्तकेंद्र में ए पॉजिटिव (अ+) रक्त की कमी की जानकारी मिलते ही सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के दो सदस्यों ने त्वरित कदम उठाते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया और मानवता की सेवा का संकल्प पूरा किया। मुराइन टोला के सभासद एडवोकेट ऋतिक पाल ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर अपना 8वां ए पॉजिटिव स्वैच्छिक रक्तदान किया, वहीं ध्रुव कुमार यादव ने अपने पूजनीय पिताजी की 37वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना 34वां ए पॉजिटिव स्वैच्छिक रक्तदान पूरा किया।रक्तदाताओं के इस सराहनीय कदम पर मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव ने दोनों ही सदस्यों को प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया और संस्था के सेवा भाव की सराहना की। इस मौके पर दोनों रक्तदाताओं ने आम जनमानस और युवाओं से रक्तदान के प्रति जागरूक होने की अपील की। इस सेवा कार्य के दौरान सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह, मानस रक्तकेंद्र प्रभारी अमन यादव, अनामिका पाल और विष्णु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## किशनपुर भरसोल मार्ग बदहाल, 30 गांवों के 40 हजार लोगों का आवागमन संकट में

अखंड भारत संदेश

### ओवरलोड वाहनों और वर्षों की अनदेखी से सड़क जर्जर, बरसात में बढ़ा हादसों का खतरा

**विजयीपुर (फतेहपुर)।** किशनपुर से रायपुर-भरसोल को जोड़ने वाला लगभग सात किलोमीटर लंबा मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों के लिए खतरा कई गुना बढ़ गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 30 गांवों के करीब 40 हजार लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से मोरंग खदानों में आने-जाने वाले ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार गुजरती हैं। भारी वाहनों के दबाव से सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। बरसात शुरू होते ही गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आए दिन बाइक और साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।इस सड़क से रामपुर, अंजना भैरव, बहियापुर, काशीपुर, मदद अलीपुर, धिरखानी, मोहोरी, पहाड़पुर, रेवाड़ी, मनौरी, सेमरिया, मड़ौली, गहीवा, महिंगवा, रायपुर-भरसोल, गुरुवल सहित लगभग 30 गांव जुड़े हुए हैं। क्षेत्र में इंटर कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग से विद्यालय आते-जाते हैं। खराब सड़क के कारण उन्हें हर दिन दुर्घटना का डर बना रहता है।ग्रामीण धर्मराज ने बताया कि सड़क इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि दोपहिया वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है। छात्रा मोनिका ने कहा कि साइकिल से स्कूल जाते समय कई बार गड्ढों में पहिया फंस जाता है, जिससे गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीण बलराम निषाद का कहना है कि बरसात के दौरान गड्ढों में भरा पानी उनकी गहराई छिपा देता है, जिससे वाहन चालक अचानक असंतुलित होकर गिर जाते हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मोरंग खदानों से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों ने सड़क को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो तेज बारिश के दौरान यह मार्ग पूरी तरह बंद हो सकता है और क्षेत्र का जिला मुख्यालय तथा तहसील से संपर्क भी प्रभावित हो सकता है। सड़क की बदहाल स्थिति का असर केवल आम लोगों पर ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण कई बार एंबुलेंस समय पर गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल वाहन भी इस मार्ग से गुजरने में कठिनाई महसूस करते हैं और बरसात के दिनों में कई वाहन इस रास्ते से जाने से बचते हैं।स्थानीय निवासी मनोज पांडेय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं, लेकिन सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। वहीं राम भवन यादव का कहना है कि आजादी के बाद से इस सड़क का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। हर वर्ष मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति होती है, लेकिन कुछ ही महीनों में सड़क फिर बदहाल हो जाती है।ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क का तत्काल सर्वे कराकर गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि केवल गड्ढे भरने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पूरी सड़क का नए सिरे से निर्माण आवश्यक है ताकि क्षेत्र के हजारों लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

## न्यूज झरोखा

### प्रेम नगर स्थित शिवम पॉलीक्लिनिक में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद, जांच की मांग




**खागा (फतेहपुर)।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेम नगर स्थित शिवम पॉलीक्लिनिक को लेकर कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और पत्रकारों का आरोप है कि क्लिनिक में आवश्यक मानकों के विपरीत चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बताया जाता है कि मामले की जानकारी जुटाने पहुंची पत्रकारों की टीम और क्लिनिक संचालक के बीच कथित रूप से तीखी नोकझोंक हुई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। आरोप है कि बिना आवश्यक मानकों का पालन किए मरीजों का उपचार किया जा रहा था। वहीं, क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के बावजूद कथित रूप से अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। मामले की जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. पी.के. सिंह को दी गई। उन्होंने मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

### घायल नीलगाय की उपचार से पहले मौत, वन विभाग ने कराया अंतिम निस्तारण



**विजयीपुर (फतेहपुर)।** विजयीपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सिलमी में रेशम बाग के पास रविवार को एक नीलगाय घायल अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने नीलगाय को गंभीर रूप से घायल देखा और उसकी मदद के प्रयास शुरू किए। इसी दौरान घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को भी दी गई, ताकि समय रहते वन्यजीव का उपचार कराया जा सके।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नीलगाय काफी देर से घायल अवस्था में पड़ी थी और उसकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। उपचार की व्यवस्था होने से पहले ही कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कीं। इसके बाद विभागीय कर्मचारियों ने नियमानुसार नीलगाय के शव का विधिवत दफन कर अंतिम निस्तारण कराया

### फतेहपुरः सगी बहन से दुष्कर्म के आरोप में भाई गिरफ्तार



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक पर अपनी नाबालिग सगी बहन से दुष्कर्म का आरोप लगा है।परिजनों के अनुसार पीड़िता ने डर की वजह से काफी समय तक किसी को नहीं बताया। बाद में उसने हिम्मत जुटाकर घटना की जानकारी परिवार को दी। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश है। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना : मामले की गहनता से जांच की जा रही है। दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।हेल्पलाइनः181 महिला हेल्पलाइन, 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन।

# तीन स्कूलों में चोरी का खुलासा, अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना समेत तीन गिरफ्तार

## सोलर पैनल, बैटरियां, इन्वर्टर सहित लाखों का सामान बरामद, वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त

अखंड भारत संदेश




**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर पुलिस व एसओजी टीम ने तीन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अंतरराज्यीय चोर समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोलर पैनल, बैटरियां, इन्वर्टर, स्टार्टर, औजार और वारदात में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। गिरोह ने चित्रकूट के दो सरकारी विद्यालयों और मध्य प्रदेश के रीवा जिले में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पीयूष कान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एसओजी व मानिकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के केकरामार के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका। पूछताछ में उसकी पहचान मध्य प्रदेश के रीवा निवासी सुधाकांत दुबे के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से ग्राइंडर (कटर), बैटरी, प्लास, पाना, पेचकस, आरी व मोबाइल फोन बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने करीब 20 दिन पहले ग्राम केकरामार के उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला काटकर चार सोलर पैनल, बैटरियां और इन्वर्टर चोरी किए थे। उसने चोरी का सामान स्कूल के पास सीमेंट पाइप में छिपा रखा था, जिसे पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। आरोपी ने यह भी बताया कि रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र से चोरी की गई चार टावर बैटरियां भी उसी स्थान पर छिपाई थीं, जिन्हें भी पुलिस ने बरामद किया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने ऊंचाडीह स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी का भी खुलासा किया। उसने बताया कि दीनदयाल इंटर कॉलेज में कार्यरत अपने साथी विनय कुमार और सुनील कुमार की मदद से चोरी का सामान विद्यालय के पीछे झाड़ियों में छिपाया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर दो माइक्रोटेक ट्यूबलर बैटरियां, एक इन्वर्टर और एक स्टार्टर बरामद किया।

पुलिस के अनुसार सुधाकांत दुबे के विरुद्ध चित्रकूट और रीवा में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। बरामद मोटरसाइकिल के दस्तावेज न मिलने पर उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई है।

# मुख्यमंत्री भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

**चित्रकूट।** जनपद में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में कार्यक्रम स्थल चित्रकूट इण्टर कॉलेज कर्वी, सर्किट हाउस, एयरपोर्ट व कलेक्ट्रेट का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के आगामी 8 जुलाई को जनपद चित्रकूट में भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में कार्यक्रम स्थल चित्रकूट इण्टर कॉलेज कर्वी, सर्किट हाउस, एयरपोर्ट व कलेक्ट्रेट का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम चित्रकूट इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया, जहां मुख्यमंत्री द्वारा एक विशाल जनसभा को संबोधित किया जाना प्रस्तावित है। इसके उपरांत, कलेक्ट्रेट सभागार मे मुख्यमंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए पुराने व नए कार्यों की मंडलीय समीक्षा के पश्चात जनपदीय विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रात्रि प्रवास करेंगे। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सहित संबन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पैरों में शक्ति और ऊर्जा का संचार करने वाले सरल योग

**चित्रकूट।** कुबेरगंज कर्वी में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पैरों के स्वास्थ्य संवर्धन सरल योग का अभ्यास कराया। ये योग चार प्रकार के हैं। सभी अभ्यास दंडासन में बैठकर सामने पैर फैलाकर पीछे दोनों हाथों की टेक लगाकर थोड़ा पीछे झुककर 10 से 15 बार दोहराते हैं। पहले अभ्यास में मन को तनाव मुक्त रखते हुए पूरा ध्यान पैरों की उंगलियों पर रख कर दसों उंगलियों को सांस छोड़ते हुए आगे झुकाते हैं और सांस भरते हुए पीछे की ओर झुकाते हैं। दूसरे अभ्यास में पैर के पंजों को टखनों के जोड़ों से सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ सामर्थ्यभर इतना झुकाते हैं कि जमीन को स्पर्श करने लगे श्वास भरते हुए वापस अपनी तरफ अधिकतम मोड़ने का प्रयास करते हैं। तीसरी अभ्यास में दोनों पंजों को दाएं से बाएं और बाएं से दाएं घूमाते हैं। चैथे अभ्यास को सुप्त जानु संचालन क्रिया के नाम से जाना जाता है इसमें घुटनों को आगे पीछे करने का काम करते हैं। श्वास को भरते हुए घुटने की मांसपेशियों को संकुचित करते हुए अपनी तरफ खींचते हैं कुछ क्षण रोकने के बाद श्वास छोड़ते हुए ढीला छोड़ देते हैं यही क्रिया बार-बार दोहराते हैं। इनका अभ्यास प्रतिदिन करने से पिंडली पंजे टखने घुटने और उंगलियों के जोड़ मजबूत एवं लचीले बनते हैं भविष्य में होने वाले गठिया जैसे रोगों की संभावना समाप्त हो जाती है। पिंडली के दर्द, ऐंठन ठीक हो जाते हैं। इस अभ्यास को सभी उम्र के लोग कर सकते हैं।



# परिक्रमा मार्ग में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट।** कामतानाथ धाम में सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को मजबूत करते हुए चित्रकूट को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाना रहा।



अभियान का शुभारंभ के दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मियों द्वारा मार्ग पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। राकेश केसरवानी कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष ने कहा गंदगी को कहो अलविदा स्वच्छता अपनाओ स्वच्छ भारत मिशन के सॉन्ग के साथ शुरू किया। कामदगिरि स्वच्छता समिति उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी कामतानाथ की पवित्र माटी स्वच्छता से होगी महान स्वच्छ भारत मिशन का प्राण जन-जन में यही अभियान का है उद्देश्य। महामंत्री जितेंद्र केसरवानी गंदगी अब नहीं सहेंगे कामतानाथ की पावन धरा स्वच्छ रख कर दिखलाएंगे।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और परिक्रमा मार्ग पर सुचारु आवागमन बना रहे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वक, शिवा कुमार ने कहा कि कामदगिरि की धूल भी कहे स्वच्छता का दिया जलाना है। चित्रकूट कामतानाथ पर्वत को स्वच्छ बनाना है ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के अंतर्गत नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से गीले, सूखे, घरेलू स्वच्छता अपशिष्ट तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को पृथक करके देने की अपील की। उन्होंने लोगों को स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण करने तथा नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संकलन व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

अंकुर केसरवानी ने कहा कामतानाथ धाम हमारी आस्था का केंद्र है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से हमने संकल्प लिया है कि इस पावन भूमि को गंदगी मुक्त रखेंगे। स्वच्छ भारत मिशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कामतानाथ को आदर्श तीर्थ स्थल बनाएंगे।

महासफाई अभियान में कृष्णा शुक्ला अखिलेश, केशरवानी, रसूल खान वन विभाग जानकी प्रसाद विनोद वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू , अंकुर केसरवानी सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एपीके फाइल एवं क्रेडिट कार्ड से फर्जी शॉपिंग के नाम पर धोखाधड़ी के शिकार 23 व्यक्तियों के वापस कराए गए रुपये

**चित्रकूट।** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध पीड़ितों को रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में पीयूष कान्त राय अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल साइबर सेल एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक विजय कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुये 23 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल छः लाख 69 हजार 834 रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराए गए हैं।

साइबर अपराध में पीडित 23 व्यक्तियों के साथ अज्ञात एपीके फाइल एवं क्रेडिट कार्ड से फर्जी शॉपिंग के नाम पर धोखाधड़ी के नाम पर छः लाख 69 हजार 834 रुपये की ठगी की गयी थी। जिनके द्वारा साइबर सेल चित्रकूट में शिकायत की गयी साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके कुल 23 पीडितों का छः लाख 69 हजार 834 रुपया बरामद कराया गया।

आमजनमानस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए सूचित किया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न टेलीग्राम/व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से हानिकारक एपीके फाइल डाउनलोड कराने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्भावनापूर्ण रचित एपीके फाइल के कई प्रकार हो सकते है। ये फाइलें एक मोबाइल वायरस (मेलवेयर) जिसे आपके द्वारा इन्स्टॉल करने पर आपके मोबाइल का सारा डेटा (फोटो, कान्टेक्ट, मैसेज, ओटीपी व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी) चोरी हो सकता है। उसके बचाव के लिए

फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर प्राप्त होने पर आप कभी किसी को अपने बैंक, खाता, एटीएम न., ओटीपी संबन्धी जानकारी शेयर न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर फोन पर पैसे प्राप्त करनें के लिए यूपीआई पिन न डालें। यूपीआई पिन हमेशा पैसे भेजने के लिये प्रयोग होता है न कि प्राप्त करनें के लिए। किसी भी अनजान लिंक या वेबसाइट को ओपन करने पर आपकी पर्सनल जानकारी फ्राडर तक साझा हो जाती है, इससे बचें। ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से खरीददारी के लिए पूर्व भुगतान करते समय क्विक सपोर्ट टीम व्यूवर कस्टमर सपोर्ट आदि एप का इस्तेमाल करने से आपके हैण्डसेट की स्क्रीन शेयरिंग हो जाती है, ऐसे एप्स के इस्टालेशन से बचें। अज्ञात कॉलर द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ व कालोनी स्वीकृत किए जाने के नाम पर भी पैसों की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें। साइबर एक्सटार्शन (न्यूड वीडियो क्लिप भेजकर धमकी भरे हमले को रोकने के लिये पैसे की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें )। आपके किसी परिचित को एक्सीडेन्ट या बीमार दिखाकर ईलाज के लिए आनलाइन पैसे की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें ) । सोशल मीडिया पर सस्ते दामों पर सामान बेंचने के नाम पर ठगी (फिसिंग) करतें हैं सामान अधिकृत विक्रेता/दुकान से ही खरीदें किसी को एडवान्स पैसा न भेजें। अज्ञात नम्बरों से हूबहू आपके परिचितों की आवाज में पैसे आदि की डिमाण्ड करने पर अपने उस परिचित से पुष्टि करने के उपरान्त ही पैसे भेंजे। घर बैठे रोजगार (पेन्सिल कारोबार, वीडियो को लाइक एवं सब्सक्राइबर बढाये जाने का कार्य) पाने के नाम पर ठगी पैसे की मांग करनें पर पैसे न भेंजें।

किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं0 1930 पर तुरंत कॉल करें या संबंधित पोर्टल पर कम्पलेंट रजिस्टर करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।

## वन महोत्सव सप्ताह में पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न

**चित्रकूट।** वन महोत्सव सप्ताह एक जुलाई से सात जुलाई अभियान के तहत रानीपुर रिजर्व टाइगर प्रथम के ऐलहा बीत की प्लांटेशन एवं कम्पोजिट विद्यालय मे रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर नत्थू ग्राम प्रधान, सुशील श्रीवास्तव क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन दरोगा अजीत कुमार, ललित कुमार, देवेंद्र कुमार, राजू सोनकर एवं जीत कुमार फॉरेस्टर व मिथलेश कुमार वन रक्षक आदि लोग मौजूद रहे। वन महोत्सव सप्ताह सात जुलाई तक चल रहे अभियान के तहत रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रथम के क्षेत्रीय वनाधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर वन क्षेत्र में स्थित प्लांटेशन विद्यालयों, अस्पतालों एवं अन्य शासकीय संस्थानों में वृक्ष लगाने को प्रोत्साहित करने के साथ साथ विभागीय अधिकारी कर्मचारी गाँव गाँव में पहुँच कर इस महाभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम प्रधान की उपस्थित में ऐलहा बीट में स्थित प्लांटेशन व कंपोजिट विद्यालय ऐलहा मे पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया है इसके पूर्व कल्याणपुर, मरवरिया, गिदुरहा, में भी वृक्षा रोपण किया गया है।

# नाबार्ड द्वारा आयोजित की गई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश




**बाँदा।** राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बांदा में सहकारी संस्थाओं हेतु बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन नाबार्ड, बांदा द्वारा किया गया। कार्यशाला का संचालन जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम), नाबार्ड ने किया। इसमें बांदा जिला सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय के अधिकारियों, सभी शाखा प्रबंधकों, बांदा जनपद के बीपैक्स सचिवों तथा सहकारिता विभाग के सहायक विकास सहकारिता अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में डीडीएम, नाबार्ड ने प्रतिभागियों को नाबार्ड की ई-केसीसी पहल, ई-किसान उपज निधि, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, नए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के गठन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त देयता समूह के वित्तपोषण तथा सहकारिता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार तथा नाबार्ड की नवीनतम पहलों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कृषि ऋण की पहुँच बढ़ाने, डिजिटल सेवाओं को प्रोत्साहित करने, किसानों को समयबद्ध वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा सहकारी क्षेत्र को अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

## किराना व्यापारी के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर घंटों प्रदर्शन किया, देर रात जाम खुला

चित्रकूट। चित्रकूट के राजापुर कस्बे में एक किराना व्यापारी के बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे पर शव रखकर घंटों प्रदर्शन किया, जिससे लंबा जाम लग गया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद देर रात करीब 1 बजे जाम खुलवाया जा सका। जानकारी के अनुसार, राजापुर निवासी किराना व्यापारी गुलाब के पुत्र पंकज का शव शनिवार रात नादिन कुर्मियान स्थित महादेव इंटर कॉलेज के पास बरामद हुआ। शव के समीप ही उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पंकज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इसे संदिग्ध मौत बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद उन्होंने शव को नेशनल हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हो गए। जाम की सूचना पर सीओ राजापुर और एसडीएम राजापुर सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने कई घंटों तक परिजनों से बातचीत की और उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद देर रात करीब 1 बजे परिजन माने और हाईवे से जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा। पुलिस फिलहाल सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद से पूरे राजापुर कस्बे में शोक और चर्चा का माहौल है।

# पूरा देश चार लोगो के बीच फंसा हुआ है : सनातन पाण्डेय

- सपा नेता शेखर शर्मा ने कार्यकताओं के साथ किया भव्य स्वागत।
- सरकार पर जमकर बरसे सांसद सनातन पाण्डेय

अखंड भारत संदेश





**बांदा।** समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय के बांदा आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। दौरे के दौरान वरिष्ठ सपा नेता शेखर शर्मा ने अपने आवास स्थित कैंप कार्यालय पर अपने सहयोगियों और सैकड़ों कार्यकताओं के साथ सांसद का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य रूप से सपा नेता रजा खान, चित्रकूट-बांदा की सांसद कृष्णा पटेल, शिवशंकर पटेल सहित लगभग एक सैकड़ा सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने सांसद सनातन पांडेय का फूल-मालाओं और नारों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद सनातन पांडेय ने केंद्र और प्रदेश की वर्तमान सरकार पर तीखे हमले बोले। उन्होंने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान की केंद्र और राज्य सरकार मिलकर देश से लोकतंत्र को समाप्त करने पर तुली हुई है। आज चारों तरफ तानाशाही व्यवस्था को लागू कर दिया गया है, जहां जनता और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरा देश एक प्रदेश के चार लोगो के बीच फंसा हुआ है।

सांसद ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि इस तानाशाही व्यवस्था के खिलाफ समाजवादियों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए जमीन पर उतरना होगा। इस दौरे से आगामी राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए बांदा और चित्रकूट के सपा कार्यकताओं में नया जोश देखने को मिल रहा है।

# ऐसे मारता है भारत, इस राष्ट्रपति ने डरते हुए बताई मोदी की ताकत

**अर्मेनिया**


**भारत** में कई लोग बोलते हैं कि पीएम मोदी सरेंडर कर देते हैं। पीएम मोदी कमजोर हैं। लेकिन दुनिया के सामने मंच पर खड़े होकर इस शख्स ने इशारों में बताया है कि जब भारत बदला लेता है तो कैसे लेता है। पीएम मोदी छोड़ते नहीं है। इस शख्स का बयान जानकर आपको पता चल जाएगा कि डर के आगे और पीछे दोनों तरफ भारत है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीव ने बयान दिया है। यह तो आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि अजरबैजान पाकिस्तान और तुर्की के साथ मिलकर अपने पड़ोसी देश अर्मेनिया को परेशान कर रहा है। अजरबैजान अर्मेनिया के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करके बैठा है। कई बार तुर्की और पाकिस्तान से मिले हथियारों का इस्तेमाल करके अजरबैजान ने अर्मेनिया पर हमले किए। लेकिन जब भारत ने



अर्मेनिया को आत्मरक्षा के लिए पिनाका रॉकेट लांचर सिस्टम दिया तो इलहाम अलीव ने बयान दिया था कि भारत का कोई भी रॉकेट अर्मेनिया को बचा नहीं पाएगा। उस समय भारत चुप रहा। कोई रिएक्शन नहीं दिया। भारत सिर्फ अर्मेनिया को मजबूत करता रहा। लेकिन आज मंच पर खड़े होकर इलहान अलीव अर्मेनिया पर पलट गए हैं। कल तक अर्मेनिया को अंजाम भुगतने की धमकी देने वाले इलहाम अलीव ने अब मंच पर खड़े होकर बयान दिया है कि हमने अपने देश से अर्मेनिया जाने वाले सामान पर लगी हुई सारी पाबंदियां हटा दी हैं। हमने अर्मेनिया को जरूरी ईंधन खासतौर पर पेट्रोल और डीजल देना शुरू कर दिया है। इलहाम अलीव ने कहा कि मैं यह बताना चाहता हूं कि हम शांति की तरफ बढ़ चुके हैं। हम खुद शांति को महसूस कर रहे हैं। हमने शांति के साथ रहना सीख लिया है।

अर्मेनिया की सड़कों पर भारत के यह हथियार देखकर अजरबैजान शांति की बातें ही करेगा। कुछ महीनों पहले इलहाम अलीव ने कहा था कि भारत अर्मेनिया को बचा नहीं सकता। लेकिन अब अजरबैजानअर्मेनिया को पेट्रोल और डीजल दे रहा है। 20 सालों बाद अर्मेनिया ने जब अपने देश में पहली बार मिलिट्री परेड निकाली तो उस मिलिट्री परेड में सड़कों पर भारत के हथियार उतारे गए। इनमें पिनाका रॉकेट सिस्टम, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम और आर्टलरी गंस थी। भारत ने अर्मेनिया में इजराइल की भी एंट्री करवा दी है। खबरें हैं कि भारत से बात करने के बाद इजराइल फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के दौरान तुर्कों द्वारा मारे गए डेढ़ लाख अर्मेनियाई लोगों के हत्याकांड को नरसंहार घोषित कर रहा है। इजराइल ने कहा है कि वह अर्मेनिया के साथ खड़ा है। अब जिस देश का एक हाथ भारत ने पकड़ लिया हो और दूसरा हाथ इजराइल ने उस देश का दुश्मन अगर शांति से रहना नहीं सीखेगा तो बेवजह मारा जाएगा।

## पाकिस्तान की 'हाथ काटने' की धमकी पर MEA का करारा जवाब



**पाकिस्तान**

**विदेश** मंत्रालय ने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि भारत का रुख हमेशा एक जैसा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान द्वारा 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देने' का ज़िक्र करते हुए कहा कि संधि का पालन किया जा रहा है। सिंधु जल संधि पर भारत का रुख एक जैसा रहा है। पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिए जाने के कारण क्हळ (सिंधु जल संधि) अभी ठंडे बस्ते में है। जायसवाल ने कहा, "पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन भरोसेमंद और पक्के तौर पर छोड़ना होगा। MEA की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के एक मंत्री द्वारा इस हफ़्ते की शुरूआत में संधि को लेकर भारत को दी गई कड़ी चेतावनी के बाद आई है। मंत्री ने कहा था कि इस्लामाबाद उन हाथों को "काट देगा" जो सिंधु नदी के पानी पर नियंत्रण करने की कोशिश करेंगे। 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा कि एक पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के नियंत्रण में एक नल है। उनका कहना है कि वे पाकिस्तान की ओर पानी की एक बूंद भी नहीं बहने देंगे। मलिक के बयानों के क्लिप कई पाकिस्तानी समाचार माध्यमों ने दिखाए और ये ऑनलाइन भी सामने आए।

मलिक के कड़े बयान से पहले, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने उस संधि को लेकर युद्ध की चेतावनी दी थी, जो अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद से रुकी हुई है। अढ की रिपोर्ट के मुताबिक, डार ने कहा कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को उसके हिस्से का पानी देने से रोकने की कोई भी कोशिश की, तो इसे पानी का हथियार के तौर पर इस्तेमाल माना जाएगा और इसके क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर गंभीर नतीजे हो सकते हैं। डार ने कहा कि साझे जल संसाधनों का इस्तेमाल कभी भी हथियार के तौर पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पानी को मानवीय गरिमा, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक विकास और पर्यावरण की स्थिरता के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि ये संसाधन देशों के बीच सहयोग, बातचीत और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान के जरिए एक पुल का काम करने चाहिए, ताकि मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों का भला हो सके।

## वेनेजुएला भूकंप के 8 दिन बाद मलबे से जिंदा निकला



**वेनेजुएला**

**वेनेजुएला** में आए दो भीषण भूकंपों के बाद एक ऐसा चमत्कार हुआ है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। 43 साल के सिक्योरिटी गार्ड हरनान अल्बर्टो गिल फ्लोर्स करीब 140 टन भारी मलबे के नीचे पूरे आठ दिनों तक दबे रहे। इसके बाद चले 100 घंटे के बेहद मुश्किल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

मलबे में तब्दील हो गया था शॉपिंग सेंटर

यह हादसा वेनेजुएला के एक शॉपिंग सेंटर में हुआ, जो भूकंप के कारण पूरी तरह ढह गया था। हरनान वहां नाइट शिफ्ट में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। जब 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो लगातार भूकंप आए, तब वह एक छोटे सुरक्षा केबिन के अंदर थे। आसपास की पूरी कंक्रीट की बिल्डिंग गिर गई, लेकिन वह छोटा केबिन सही-सलामत रहा, जिसने उन्हें मलबे से बचाए रखा और उन्हें सांस लेने के लिए थोड़ी जगह मिल गई।

इमोशनल कर देने वाला पल

जब रेस्क्यू टीम ने कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद हरनान को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला, तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। धूल से सने हरनान को ऑक्सीजन मास्क लगाकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। इस कामयाबी पर अलग-अलग देशों के बचावकर्मी खुशी से झूम उठे। कोस्टा रिका के एक रेस्क्यू वर्कर ने बताया कि जब उन्होंने हरनान को पहली बार ढूंढा, तो हरनान ने उनसे कहा था, "मेरी पत्नी को मत बताना कि मैं जिंदा हूं, कहीं ऐसा न हो कि मैं बाहर न आ पाऊं।" लेकिन टीम ने ठान लिया था कि वे उन्हें बचाकर ही दम लेंगे।

## 2003 जैसे संकट की आहट, मौत का आंकड़ा बढ़ा

**यूरोप**

**इस** बात का कोई संकेत नहीं है कि यूरोप के लोगों को जल्द ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से राहत मिलेगी; जैसे-जैसे महाद्वीप में तापमान बढ़ रहा है, मरने वालों की संख्या भी हर दिन बढ़ती जा रही है। फ्रांस में, हीटवेव के कारण जून के आखिरी हफ़्ते में उससे पहले के हफ़्ते की तुलना में 2,025 ज्यादा मौतें दर्ज की गईं। देश की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने मीडिया को बताया, 22 से 28 जून के हफ़्ते में उससे पहले के हफ़्ते की तुलना में लगभग 2,025 ज्यादा मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि इस संख्या के और बढ़ने



की उम्मीद है। पब्लिक हेल्थ फ्रांस ने कहा कि पिछले हफ़्ते की तुलना में मौतों की संख्या में 29.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और चेतावनी दी कि ये आंकड़े शायद वास्तविक संख्या से कम हैं। समाचार एजेंसी AFP की रिपोर्ट के अनुसार, 'पब्लिक हेल्थ फ्रांस' ने कहा कि हालांकि हम 45-64 साल के लोगों में साफ तौर पर बढ़ोतरी देख रहे हैं, लेकिन 65 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की मौतें सबसे ज्यादा हैं। अत्रद्ध के एक विश्लेषण के अनुसार, यूरोप का एक इलाका - जहाँ महाद्वीप की दो-तिहाई आबादी रहती है - लगातार जारी लू की चपेट में रहा। इस दौरान, कम से कम जून के दूसरे हिस्से (15 से 30 जून) में वहाँ तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। ये कैलकुलेशन 'यूरोपियन ड्रॉट ऑब्जर्वेटरी' के डेटा और 'जॉइंट रिसर्च सेंटर' की आबादी से जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल करके किए गए थे।

## 1 लाख करोड़ की धांसू डील, यूएई के साथ मिलकर अडानी ग्रुप ने खोल दिया खजाना!

**यूएई**

**जब** दुनिया में कई तरह के बवाल चल रहे हैं, जंग चल रहे हैं और यहां तक कि मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। उस बीच भारत और उसके दोस्त देश यूएई ने मिलकर ऐसा निवेश किया है जो आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और यही वजह है कि इस डील को सिर्फ एक इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट नहीं बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल भारत की अडानी ग्रुप और यूएई की इंडस्ट्रियल होल्डिंग कंपनी यानी आईएससी ने ओसा में करीब 11.5 अरब डॉलर यानी लगभग $1 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश करने का फैसला किया है। यह भारत के मेटल सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश माना जा रहा है। इस परियोजना के लिए दोनों कंपनियों ने 50-50% हिस्सेदारी वाला संयुक्त उदम बनाया है। यानी निवेश भी बराबर होगा और भविष्य की कमाई में भी दोनों देशों की बराबर भागीदारी रहेगी।

दरअसल उड़ीसा में एक विशाल इंटीग्रेटेड एलुमिनियम कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इसमें 40 लाख टन सालाना क्षमता की एलुमिनिया रिफाइनरी होगी। 20 लाख टन क्षमता का एलुमिनियम स्नेटर बनाया जाएगा। 4000 मेगावाट का कैप्टिक पावर प्लांट होगा और साथ ही डाउनस्ट्रीम मैन्युफैक्चरिंग पार्क भी तैयार किया जाएगा। यानी यह जो निवेश दोनों देश मिलकर कर रहे हैं वो उड़ीसा में होगा और यहां सिर्फ



एलुमिनियम नहीं बनेगा बल्कि उससे जुड़ी कई दूसरी इंडस्ट्री भी विकसित होगी। आसान भाषा में कहें तो यह पूरा एक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम होगा। बता दें मेटल सेक्टर में यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश माना जा रहा है। अब आप सोच रहे होंगे कि इतनी बड़ी रकम आखिर एक ही प्रोजेक्ट में क्यों लगाई जा रही है? इसकी वजह भारत की बढ़ती जरूरतें हैं। देश में तेजी से रेलवे का विस्तार हो रहा है। मेट्रो नेटवर्क बढ़ रहा है। सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट लग रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियों का उत्पादन बढ़ रहा है और रक्षा क्षेत्र में घरेलू निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। इन सभी क्षेत्रों में एलुमिनियम की बढ़ती जरूरत पड़ती है। यह हल्का भी होता है। मजबूत भी होता है और लंबे समय तक टिकाऊ भी रहता है। इसलिए आने वाले वर्षों में इसकी मांग और बढ़ने वाली है।

फिलहाल भारत में एलुमिनियम की खपत उत्पादन से ज्यादा है। देश में हर साल करीब 55 लाख टन एलुमिनियम की जरूरत होती है। जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 42 लाख टन के आसपास हैं।

## फोन दिखाकर भारत पर क्या बोल गया अमेरिका, फिर लगा झटका!

**अमेरिका**

**अमेरिका** के एक बड़े नेता ने अचानक अपना फोन उठाया और भारत पर बड़ा ऐलान कर दिया लेकिन इसी के साथ अमेरिका ने एक बड़ी गलती भी कर दी। गलती भी ऐसी जो अमेरिका के पतन का कारण बनने वाली है। एक कार्यक्रम में अमेरिकी सेनेटर स्टीव डेंस ने अचानक अपना फोन उठाया और भारत पर बड़ा बयान दे दिया। अमेरिकी सेनेटर स्टीव डेंस ने कहा कि मैं जब भी चीन जाता हूं तो मेरा यह फोन मेरे साथ बीजिंग नहीं जाता। यह फोन वाशिंगटन में



मेरे डेस्क पर ही रहता है। लेकिन जब मैं भारत जाता हूं तो यह फोन मेरे साथ रहता है। यही एक भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त होने का उदाहरण है। मैं चीन के लिए ऐसा नहीं कह सकता।

स्टीव डेंस ने बताया कि सारा खेल ट्रस्ट का है। हम भारत पर ट्रस्ट करते हैं लेकिन चीन पर नहीं। अमेरिका जानता है कि चीन पर विश्वास करना उसे बर्बाद कर सकता है। लेकिन अमेरिका ने यही गलती पाकिस्तान के साथ कर दी है। अमेरिका ने पाकिस्तान को अपना ट्रस्टेड पार्टनर कहा। अब इसका नतीजा क्या हुआ? अमेरिका का एक बड़ा शहर टैक्सेस अमेरिकियों के हाथ से निकलता जा रहा है। आपको बता दें कि अमेरिका के टैक्सेस में ही सबसे ज्यादा पाकिस्तानी रहते हैं। इन पाकिस्तानियों ने दूसरे देशों से आए मुस्लिमों के साथ मिलकर पूरे टेक्सास की डेमोग्राफी बदल दी है। पिछले दो दशकों में टेक्सस में कई नई मस्जिदें, कई इस्लामी स्कूल और इस्लामिक कम्युनिटी सेंटर भारी मात्रा में बढ़ गए हैं। टेक्सस में सड़कों के इस्लामिक नाम रख दिए गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक टेक्सास में मुस्लिम आबादी पिछले कुछ वर्षों के दौरान 172% बढ़ गई है। इनमें सबसे ज्यादा पाकिस्तान के ट्रस्टेड पाकिस्तानी है। हाल ही में एक खबर आई थी कि मुस्लिम टेक्सास के अंदर एक शरिया शहर बनाने की तैयारी में थे।

यहां पर सिर्फ मुस्लिमों को घर मिलता, हलाल सर्टिफाइड सामान, शरिया स्कूल और होटल सब बनने थे। यानी टेक्सास के अंदर एक मुस्लिम शहर बसाने की तैयारी थी। हालांकि अमेरिकियों के विरोध के बाद इस प्रोजेक्ट को फिलहाल रोक दिया गया है। इससे भी हैरान करने वाली बात यह है कि टेक्सास में एक भारतीय को अपना घर बेचने से पहले भगवान गणेश की मूर्ति हटानी पड़ गई क्योंकि भगवान गणेश की मूर्ति के चलते मुस्लिम यह घर लेने को तैयार नहीं थे।

## गहरी खाई में समाई बस, 40 लोगों की मौत



**बलूचिस्तान**

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार, 3 जुलाई को क्षमता से ज्यादा यात्रियों से भरी एक बस खतरनाक शेरानी-झोब हाईवे से उतरकर एक गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, यह दुखद हादसा दानासर इलाके में तब हुआ जब बस क्वेटा से इस्लामाबाद जा रही थी। इस घटना ने पाकिस्तान के पहाड़ी सड़क नेटवर्क से जुड़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को फिर से उजागर कर दिया है। यह हादसा तब हुआ जब बस बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा को जोड़ने वाले बॉर्डर कॉरिडोर से गुजर रही थी। मुश्किल रास्तों के लिए मशहूर इस हाईवे की सुरक्षा के लिए जरूरी बैरियर और सुरक्षा ढाँचे की कमी को लेकर लंबे समय से आलोचना होती रही है, जिससे यह देश के सबसे खतरनाक रास्तों में से एक बन गया है। हादसे के बाद, मेडिकल इमरजेंसी रिस्पॉन्स सेंटर की इमरजेंसी टीमों ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि बचाव दल ने मलबे से 40 शव निकाले, जबकि घायल यात्रियों को इलाज के लिए तुरंत झोब के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए, अधिकारियों ने दूर-दराज के दुर्घटना स्थल पर बड़े पैमाने पर इमरजेंसी संसाधन जुटाए। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, बचाव अभियान में छह एम्बुलेंस, 12 इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (एटळ) और 10 हल्के ट्रांसपोर्ट वाहन शामिल थे। पहाड़ी और मुश्किल इलाके ने पीड़ितों को निकालने में जुटे बचाव कर्मियों के लिए और चुनौतियां खड़ी कर दीं। इस हादसे के बाद शेरानी और पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा जिलों के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी तुरंत कार्रवाई की और चल रहे अभियान में मदद के लिए बचाव दल और इमरजेंसी कर्मियों को भेजा।

## तेहरान में भारत ने दिखाया दम, फूट-फूट कर रोए ईरानी राष्ट्रपति

**ईरान**

**बिहार** के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड सैयद अता हसनैन और भारत के विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गरी ईरान पहुंचे। ईरान में यह ईरान के सर्वोच्च धमुर्गुरु अयातुल्ला अली खमनाई को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इनका तेहरान के हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया और इनकी मुलाकात वहां के तमाम अधिकारियों से हुई। वहीं दूसरी तरफ ईरान के बड़े-बड़े नेता अधिकारी अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमनाई को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसमें ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिशकियान, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसैनी, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर, कलीबा और विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागाची हैं। इसके अलावा कई और अहम नेता हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिशकियान और उनके साथ तमाम दूसरे जो बड़े नेता हैं वो फूट-फूट कर रोते हुए अपने सर्वोच्च नेता के



ताबूत के सामने दिखाई दे रहे हैं।

ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनई के जनाजे की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। कई दिनों के अंतिम संस्कार से पहले तेहरान में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में दुनिया भर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। जिसमें भारत का भी एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचा। भावुक माहौल जिस तरह का देखने को मिल रहा है उसी में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिशकियान सांसद अध्यक्ष मोहम्मद बगैर गलीबाब भावुक होकर रोते हुए दिखाई पड़े। लज कुतू फी सवा व वहीं दूसरी तरफ जनाजे में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इनमें दर्जनों देश के नेता भी शामिल हैं। तेहरान के ग्रैंड मुसल्ला परिसर में खामन का राष्ट्रीय ध्वज से ढका ताबूत रखा गया है। उनके साथ उनके परिजनों के ताबूत भी हैं। जिनकी मौत युद्ध के पहले दिन हवाई हमले में हुई। इसमें उनके दामाद, बड़ी बेटी, 14 महीने की पोती और नए सर्वोच्च नेता आया मुस्ताब खमनाई की पत्नी भी हैं।

भौगोलिकसंदर्भ

वहीं दूसरी तरफ ईरान की राजधानी में भारी भीड़ को सुरक्षित रखने की तैयारी भी की गई है। शहर भर में निकलने वाले अंतिम संस्कार जुलूस में बताया जा रहा है लगभग डेढ़ से 2 करोड़ लोग शामिल होंगे। भारी भीड़ को संभालने के लिए तेहरान में सभी सार्वजनिक परिवहन मुक्त होंगे। शहर के मुख्य इलाकों को वाहन के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# नए भारत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

-: ललित गर्ग:-

**भारत** का इतिहास केवल उन व्यक्तियों को याद नहीं रखता जिन्होंने सत्ता संभाली, बल्कि उन महापुरुषों को भी स्मरण करता है जिन्होंने राष्ट्र के भविष्य की दिशा निर्धारित की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही राष्ट्रपुरुष एवं राष्ट्र-निमार्ता थे, जिनकी दृष्टि तत्कालीन राजनीति की सीमाओं से कहीं आगे जाकर एक शक्तिशाली, आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से जागृत और अखण्ड भारत के निर्माण पर केन्द्रित थी। उनकी 125वीं जयंती ऐसे समय में मनाई जा रही है जब भारत ह्यविकसित भारत-2047ह्न के राष्ट्रीय संकल्प के साथ विश्व की अग्रणी शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि इतिहास का वह बिंदु है जहाँ डॉ. मुखर्जी के विचार और वर्तमान भारत की विकास यात्रा एक-दूसरे से मिलते दिखाई देते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन केवल एक राजनेता का जीवन नहीं था, वे एक विलक्षण शिक्षाविद्, दूरदर्शी चिंतक, निर्भीक राष्ट्रवादी, कुशल प्रशासक और लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को कभी संकीर्ण राजनीतिक विचारधारा नहीं माना, बल्कि उसे भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और जनकल्याण का आधार बताया। उनका मानना था कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का नाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना से निर्मित एक जीवंत राष्ट्र है।

आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्न, ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न, ह्यविकसित भारत-2047ह्न और ह्यविश्वगुरु भारतह्न की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में जुटे हैं, तब डॉ. मुखर्जी की वैचारिक विरासत और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर उन्हें आधुनिक भारत के महान निमार्ताओं में स्थान दे चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370



हटाने का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि डॉ. मुखर्जी के उस अधूरे संकल्प की ऐतिहासिक पूर्णता थी जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन तक न्योछावर कर दिया था। डॉ. मुखर्जी ने स्पष्ट कहा थाह्य ह्यएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।ह्न यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की अखण्ड राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीय एकता किसी समझौते का विषय नहीं हो सकती। आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण संवैधानिक एकीकरण उनके बलिदान का जीवंत स्मारक है।

डॉ. मुखर्जी का व्यक्तित्व जितना राजनीतिक था, उससे कहीं अधिक बौद्धिक और शैक्षणिक था। मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनना उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण था। उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका विश्वास था कि ऐसी शिक्षा, जिसमें विज्ञान की आधुनिकता और अध्यात्म की संवेदनशीलता का समन्वय हो, वही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकती है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा, मातृभाषा, अनुसंधान और नवाचार पर जो बल दिया जा रहा है, उसमें भी कहीं न कहीं डॉ. मुखर्जी की शिक्षा-दृष्टि की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और उत्पादन-आधारित विकास से जोड़कर देखा। उनका मानना था कि आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। आज भारत विनिर्माण, डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में जो नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है, वह उसी आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करता है जिसका बीजारोपण स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में अनेक राष्ट्रनिमार्ताओं ने किया था।

डॉ. मुखर्जी लोकतंत्र को केवल चुनावों तक सीमित नहीं मानते थे। उनके लिए लोकतंत्र का अर्थ था- नागरिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी, समान अधिकार और राष्ट्रहित सर्वोपरि। उन्होंने सत्ता के विरोध में भी वही कहा जिसे वे राष्ट्रहित में उचित मानते थे। नेहरू मंत्रिमंडल से उनका त्यागपत्र सिद्धांतों की राजनीति का उत्कृष्ट उदाहरण है। आज जब राजनीति में मूल्य, नैतिकता और वैचारिक प्रतिबद्धता की चर्चा होती है, तब उनका जीवन आदर्श प्रेरणा बनकर सामने आता है। भारत के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल के हिंदू-बहुल क्षेत्रों को भारत में बनाए रखने के लिए जो संघर्ष किया, वह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण था। यदि उनका हस्तक्षेप न होता तो आज का पश्चिम बंगाल भी भारत का हिस्सा न होता। उन्होंने विभाजन को ऐतिहासिक विवशता माना, लेकिन सांस्कृतिक भारत की एकता को कभी खंडित नहीं माना। उनका अखण्ड भारत का विचार किसी भू-राजनीतिक विस्तार का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता, साझा विरासत और सभ्यतागत एकात्मता का विचार था। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने ऐसी राजनीतिक संस्कृति की नींव रखी जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि हो, शासन पारदर्शी हो और राजनीति सेवा का माध्यम बने।

आज भारतीय लोकतंत्र जिस परिपक्वता के साथ विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित है, उसमें उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन्होंने वैचारिक विपक्ष को लोकतंत्र की आवश्यक शक्ति माना और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद का समर्थन किया।

## भदोही: सुरियावां पुलिस ने स्विफ्ट कार सवार तीन युवकों को देसी बम व तमंचे के साथ पकड़ा, बड़ी वारदात की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**सुरियावां (भदोही)। सुरियावां** थाना पुलिस ने शनिवार को चेकिंग अभियान के दौरान एक मारुति स्विफ्ट कार में सवार तीन युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से पांच अवैध देसी बम, एक देशी तमंचा (.315 बोर) तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सुरियावां पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान



मुखबिर से सूचना मिली कि एक मारुति स्विफ्ट कार से तीन संदिग्ध युवक मोढ़ की ओर से भदोही की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार सवार युवकों के पास से पांच देसी बम, एक .315 बोर का देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिलने का दावा किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे भदोही मोढ़ से नेतानगर, सुरियावां होते हुए अभिया बाजार के रास्ते जनपद जौनपुर जाने वाले थे। हालांकि पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र के परेवा नारायण निवासी फैज मोहम्मद फारुकी (31), बछरौली निवासी अजीत मिश्रा (30) तथा नवाबगंज थाना क्षेत्र के दनियालपुर निवासी जबी उल्ला फारुखी (28) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तमंचा और कारतूस फैज मोहम्मद फारुकी के कब्जे से बरामद हुए।

इस मामले में सुरियावां थाने में मुकदमा संख्या 214/2026 दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा का वृक्षारोपण, विधायक जाहिद बेग के बयान से तेज हुई राजनीतिक चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शनिवार को डीघ विकासखंड के बारीपुर स्थित बाबा जोगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ-साथ विधायक जाहिद बेग के बयान ने राजनीतिक हलकों में भी चर्चा छेड़ दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भदोही सदर विधायक जाहिद बेग ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी का चयन पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि डीघ क्षेत्र में रूद्रपति दुबे उर्फ श्रवण दुबे संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विधायक ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वह क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। जाहिद बेग ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-



गांव जाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक रूद्रपति दुबे उर्फ श्रवण दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में कल्पनाथ यादव, कमलेश यादव, दीनानाथ यादव, आर.बी. यादव, मूलचंद दुबे, मुन्ना शुक्ला, टिंकू शुक्ला, राहुल सिंह, दिलीप सिंह, मुन्नी सिंह यादव, ओम प्रकाश तिवारी, विनोद शुक्ला, विजय श्याम पांडेय, केवला शंकर दुबे, राजू दुबे समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक जाहिद बेग के बयान के बाद डीघ क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चचाओं का दौर भी शुरू हो गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी को लेकर पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## 50 लाख से होगा कायाकल्प पूजा अर्चना के साथ काम की हुई शुरूआत



**सुल्तानपुर** मे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अगुवाई में लगातार विकास की बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतार रहा है। शहर के तालाबों को खूबसूरती बढाने व संवारने की दिशा में अब पयागीपुर जलाशय के भी सौंदरीकरण की आधारशिला रखी गई। 50 लाख से होने वाले तालाब के सुंदरीकरण में नागरिकों के घूमने के लिए पाथवे बैठने के लिए बेंच फूल पौधे लगाकर सुंदरता के साथ तालाब में स्वच्छ जल डालकर आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। यही नहीं तालाब के किनारे किनारे हरे-भरे पौधों को लगाकर पर्यावरण के संरक्षण की भी योजना बनाई गई है। रविवार को पूजा अर्चना के साथ पयागीपुर वार्ड के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्र समेत सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में प्रवीण कुमार अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर इस योजना की शुरूआत की। स्थानीय सभासद गिरीश मिश्रा अखिलेश मिश्रा अरविंद यादव समेत आधा दर्जन सभासदों की मौजूदगी में इस कार्य को जनता के लिए समर्पित किया।

यह नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार की महती योजना ह्यह्यनगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजनाह्नह्न के तहत पुराने जीर्णशीर्ण तालाब के कायाकल्प हेतु शासन को भेजे गये प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है। यह काफी पुराना तालाब है, जो अत्यन्त जीर्णशीर्ण व दयनीय अवस्था में था स्थानीय लोगों व सभासद द्वारा इसके जीर्णोद्धार की बराबर मॉग की जा रही थी ।

## मुख्यमंत्री योगी का सुलतानपुर दौरा 7 जुलाई को, जनसभा को करेंगे संबोधित



**सुलतानपुर। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार, 7 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर पहुंचकर जनपद को 81 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ ही विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन ग्राउंड में बने हैलिपैड पर उतरेंगे।इसके बाद वह प्रशासनिक समीक्षा बैठक के बाद सुलतानपुर एवं इसौली विधानसभा क्षेत्र की 81 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा जनपद के विकास को नई गति और दिशा देने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगभग 12:30 बजे विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने जिला पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## गोपीगंज में पंचर की दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों में लगी आग, समय रहते पाया गया काबू

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज (भदोही)। गोपीगंज** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर घाट मार्ग स्थित पूरे रघुनाथ गांव में शनिवार देर रात एक पंचर की दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों में आग लग गई। स्थानीय लोगों की सतर्कता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पीआरवी पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पूरे रजई निवासी संतोष कुमार बिंद की पूरे रघुनाथ में टायर पंचर की दुकान है। शनिवार रात



वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात उन्हें सूचना मिली कि दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों में आग लग गई है। सूचना मिलते ही संतोष कुमार मौके पर पहुंचे तो देखा कि बाहर रखे टायर धू-धू कर जल रहे थे। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने समरसेबल और बाल्टियों से पानी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दुकान संचालक संतोष कुमार बिंद ने बताया कि इससे पहले भी कुछ अराजक तत्व उनकी दुकान में आग लगा चुके हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस घटना के पीछे भी किसी की शरारत हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उनका कहना है कि समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा नुकसान टल गया।

## हरिहरपुर में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। मुहम्मदाबाद** कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में रविवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों के अनुसार, मृतक पिछले दो-तीन दिनों से गांव और आसपास के इलाकों में मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होने वाली अवस्था में घूमता दिखाई दे रहा था। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो वह मृत अवस्था में मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।



सूचना मिलते ही मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

उपनिरीक्षक रामाश्रय यादव ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आसपास के थानों और लोगों से भी पहचान कराने में सहयोग मांगा गया है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल मुहम्मदाबाद कोतवाली या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें, ताकि शव की शिनाख्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## 50 लाख के जेवरात चोरी का मामला 10 दिन बाद भी खुलासा नहीं, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार



**सुल्तानपुर जिले** के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस 10 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इससे परेशान होकर पीड़ित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।यह घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हुसैनगंज इनायतपुर गांव निवासी मोहम्मद तोय्यब पुत्र मोहम्मद वकील के घर 21 जून को हुई थी। अज्ञात चोरों ने उनके घर से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी चुरा लिए थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित मोहम्मद तोय्यब के अनुसार, चोरी की इस बड़ी वारदात को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई या प्रगति रिपोर्ट सामने नहीं आई है। परिवार लगातार थाने और अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।स्थानीय पुलिस की सुस्ती से परेशान होकर पीड़ित मोहम्मद तोय्यब अपने परिवार के साथ सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी आपबीती सुनाई और मामले के जल्द खुलासे की मांग की।पीड़ित रुकसार अहमद ने बताया, "हमारी 21 तारीख को चोरी हुई थी, जिसमें करीब 50 लाख के जेवरात और नकदी चले गए। 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस की तरफ से कोई जानकारी नहीं मिली है। आज हम कप्तान साहब से मिलने आए थे, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वो इस मामले को देखेंगे।पीड़ित के साथ आए उनके परिजन ने बताया कि वे इस मामले को लेकर इससे पहले स्थानीय थाने के अलावा सीओ और एसओ से भी दो-तीन बार मिल चुके हैं। पुलिस अधीक्षक से हुई मुलाकात के बाद उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला है, जिससे परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है।

## वन महोत्सव: राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। वन** महोत्सव सप्ताह के तहत रविवार को सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की ओर से नेता जी सुभाष चंद्र बोस शहीद स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण जन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने आम का पौधा रोपकर लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने अपने पति डॉ. अवधेश बिंद के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि आज अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे और उनकी देखभाल की जाएगी, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के प्रभागीय निदेशक अजीत प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने वन महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनभागीदारी के बिना हरित वातावरण का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

वहीं, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अवधेश बिंद ने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।



उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने की पील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी नंदगंज अनिल कुमार सिंह, हरेन्द्र यादव, कुलदीप सिंह,



आदित्य यादव सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।